Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -304 शुक्रवार ,09 सितम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

ज्ञान की बातें

दृढ़प्रतिज्ञ मनुष्य संसार
को अपनी इच्छा के अनुसार
झुका लेता है।
-गेटे-

इंडिया गेट के पास पीएम मोदी ने किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण

सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार शाम को इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। बड़े समारोह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 28 फीट की मूर्ति को सुसज्जित किया गया है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकारों से मुलाकात कर बातचीत की। पीएम मोदी ने मूर्तिकारों से कहा कि वह 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड के लिए सेंट्रल विस्टा के पुनर्विकास परियोजना पर काम करने वाले सभी लोगों को आमंत्रित करेंगे। प्रधानमंत्री ने नए सेंट्रल विस्टा एवेन्यू पर प्रदर्शनी देखी। उसके बाद कर्तव्य पथ का भी उद्घाटन किया।

इसके साथ भारत ने एक और औपनिवेशिक अवशेष को छोड़ दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी साल %औपनिवेशिक मानसिकता% से संबंधित सभी प्रतीकों का खत्म करने की बात कही थी। %कर्तव्य पथ% राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक की सड़क है। इस सड़क के दोनों तरफ लान और हरियाली के साथ ही पैदल चलने वालों के लिये लाल ग्रेनाइट पत्थरों से बना पैदल पथ इसकी भव्यता को और बढ़ा देता है। इस मार्ग पर नवीकृत नहरें, राज्यों की खाद्य वस्तुओं के स्टाल, नई सुविधाओं वाले ब्लाक और बिक्री स्टाल होंगे।

ज्ञात हो कि नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय से मिले एक प्रस्ताव को पारित कर %राजपथ% का नाम बदलकर %कर्तव्य पथ% कर दिया। अब इंडिया गेट पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा से लेकर राष्ट्रपति भवन तक पूरे इलाके को %कर्तव्य पथ% कहा जाएगा।

बदलाव का सभी मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने किया स्वागत

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के अनावरण पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जिन्होंने देश की आज़ादी और निर्माण के लिए योगदान दिया, आज देश पूरे कृतज्ञ भाव से उन सबको श्रद्धांजलि दे रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अलग-अलग प्लेटफार्म में अलग-अलग तरीके से स्थान दिया जा रहा है। मैं मानता हूं कि नेताजी की मूर्ति और कर्तव्य पथ का उद्घाटन करना आज़ादी का अमृत महोत्सव काल का बहुत बड़ा एक कदम है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कर्तव्य पथ पर चलकर इस देश की वैभव्य और एक नक्षत्र की तरह उभारने की जो क्षमता हमारे देश में है उस पर हमें पूर्ण रूप से लगना है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा कि वर्षों से लोगों का एक वर्ग था जो देश पर शासन कर रहा था और चाहता था कि केवल सीमित संख्या में लोगों को ही याद किया जाए। पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं को हमारे इतिहास के कोने-कोने में धकेला जाता था। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है। औपनिवेशिक मानसिकता को खत्म करना होगा।

भारत के डीआरडीओ मिसाइल के घातक हमले से अब नहीं बच पाएगा दुश्मन का विमान

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। पड़ोसी देश के नापाक हरकतों के कारण आतंकवाद की सबसे बड़ी समस्या के जूझ रहे भारत को आतंकवाद से निपटने के लिए रक्षा के क्षेत्र में आज बड़ी सफलता मिली है। भारत ने आज घातक मिसाइल डीआरडीओ का सफल परीक्षण किया है। अत्याधुनिक मिसाइल होने के कारण डीआरडीओ के परिक्षण के बाद अब दुश्मन के विमान को बचने का मौका नहीं मिल पाएगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा सेना ने सतह से हवा में मार करने वाली क्विक रिएक्शन मिसाइल के शुक्रवार को छह परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए। ये परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किये गये। परीक्षण मिसाइल की आकलन प्रक्रिया के तहत किये गये हैं। परीक्षण के दौरान तेज गति से उडने वाले लक्ष्यों पर निशाना साधा गया। इसका उद्देश्य विभिन्न परिदृश्यों में मिसाइल की मारक क्षमता का पता लगाना था। ये परीक्षण दिन और रात के समय भी किये गये। सभी मिशनों के दौरान मिसाइल ने लक्ष्यों पर अचूक निशाना साधा और सभी मानकों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान सभी स्वदेशी उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने सफल परीक्षण के लिए वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी।

पीएम मोदी के बाद अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सुरक्षा में हुई बड़ी चूक,एक संदिग्ध युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक होने की खबर सामने आई है। खबर है कि महाराष्ट्र में गृहमंत्रालय का अधिकारी बनकर एक शख्स शाह के आसपास लंबे समय तक रहा। पुलिस ने उस सख्स को हिरासत में ले लिया है। शाह के अलावा गिरफ्तार किए गए शख्स को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के पास भी देखा गया था। देश के अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा में भारी चूक का यह दूसरा मामला है इससे पहले 5 जनवरी को पंजाब के फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में भी सेंध का मामला सामने आया था। उस दौरान फिरोजपुर में प्रदर्शनकारियों की तरफ से रास्ता बंद किए जाने के चलते वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके थे। साथ ही वह लंबे समय तक फ्लाइओवर पर भी फंसे रहे। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फिरोजपुर एसएसपी अवनीत हंस को घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। 32 वर्षीय की पहचान हेमंत पवार के रूप में हुई है। धुले का रहने वाला यह शख्स खुद के आंध्र प्रदेश के एक सांसद का निजी सचिव बता रहा है। कथित तौर पर वह गृहमंत्रालय का आईडी कार्ड पहनकर शाह के आसपास घंटों तक घूमता रहा। पुलिस का कहना है कि पवार सुरक्षा इंतजाम देख रहे एक अधिकारी की तरह बनकर वहां पहुंचा था। जब गृहमंत्रालय के एक अधिकारी को उसपर शक हुआ, तो मुंबई पुलिस को सूचना दी गई। वहीं, पुलिस को भी पता चला कि उसका नाम सिक्युरिटी टीम की सूची में नहीं है। पवार के खिलाफ आईपीसी की धारा 170 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे गिरगौम कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। शाह का दो दिवसीय दौरा बुधवार को पूरा हो गया है। खबर है कि यह घटना सोमवार की है। मुंबई यात्रा के दौरान गृहमंत्री ने लालबागचा राजा के दर्शन किए और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की थी।

कूरियर के जरिए पहुंचाए गए शहीद के शौर्य चक्र को माता-पिता ने लौटाया

अहमदाबाद, 08 सितम्बर 2022। देश की सेवा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले जाबाज सैनिकों को उनकी अदम्य शाहस के लिए राष्ट्रीय पर्व या कोई विशेष अवसर पर शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाता है। लेकिन गुजरात के अहमदाबाद शहर के निवासी शहीद लांस नायक गोपाल सिंह भदौरिया के साथ ऐसा नहीं हो पाया है। कूरियर के जरिए शहीद के शौर्य चक्र को पहुंचाया गया। शहीद के माता पिता ने कूरियर के जरिए पहुंचाए गए शौर्य चक्र को लौटा दिया है।

उन्होंने कहा कि शहादत के सम्मान को कूरियर से भेजकर आपने हमारे शहीद बेटे का अपमान किया है इसलिए हम इसे वापस लौटा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार परिवार वाले अब राष्ट्रपति भवन जाएंगे और सबके सामने राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित करने की मांग करेंगे। परिवार वालों का कहना है कि उनके बेटे ने देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी और सरकार ने उसकी शहादत का ये सिला दिया है।

उन्होंने कहा कि यह कोई गुप्त रखने की चीज थोड़ी है जो आप इसे चुपचाप दे रहे हैं। मेरे बेटे ने देश के लिए बलिदान दिया है इसलिए उसे देश के सामने ही सम्मान मिलना चाहिए। बता दें कि गोपाल सिंह को मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों में उनकी बहादुरी के लिए 'विशिष्ट सेवा पदक' से भी सम्मानित किया गया था। बता दें कि साल 2017 में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान राष्ट्रीय राइफल्स के लांस नायक गोपाल सिंह शहीद हो गए थे।

क्या है पूरा मामला?

दरअसल, लांस नायक गोपाल सिंह की शादी 2007 में हुई थी लेकिन किसी मतभेद के चलते वे अपनी पत्नी से 2011 में अलग रह रहे थे। दोनों के व्यस्त रहने के कारण साल 2013 में अदालत ने शादी तोड़ने की याचिका भी खारिज कर दी थी। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि सैनिक के माता-पिता और उसकी पत्नी के बीच कई वर्षों तक कोई संपर्क नहीं था।

वहीं भदौरिया ने पत्नी को किसी भी सेवा लाभ के अनुदान पर आपत्ति जताई थी और शहर की एक सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

साल 2021 में शहीद की पूर्व पत्नी और माता-पिता के बीच करवाया गया समझौता

फिर साल 2021 में शहीद की पत्नी और माता-पिता के बीच कोर्ट के जरिए एक समझौता करवाया गया। इसके बाद अदालत ने आदेश दिया कि शहीद गोपाल सिंह को मरणोपरांत वीरता पुरस्कार और माता-पिता को पुरस्कार से जुड़े सभी लाभ प्रदान किए जाएं। अदालत यह भी कहा कि पेंशन, अनुग्रह भुगतान और केंद्र या राज्य सरकार या सेना से प्राप्त होने वाली सहायता सहित अन्य सभी सेवा लाभों को दोनों पक्षों के बीच 50-50 विभाजित किया जाना चाहिए। ■■■

बच्चे पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉब सीकर नहीं जॉब प्रोवाइडर बनेंगे : मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, 8 सितंबर 2022। दिल्ली में स्कूल विजिट की श्रृंखला को जारी रखते हुए उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार सुबह सर्वोदय कन्या विद्यालय, टिकरी खुर्द का दौरा कर स्कूल में चल रही विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों सहित ईएमसी, हैप्पीनेस करिकुलम, देशभक्ति करिकुलम आदि के प्रगति की जाँच की और बच्चों से उनकी पढ़ाई को लेकर भी चर्चा की। इस मौके पर श्री सिसोदिया ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि, बच्चों की मानसिकता में स्कूली स्तर से ही यह भाव आना जरुरी, पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉब सीकर नहीं जॉब प्रोवाइडर बनेंगे और ऐसी नौकरियां पैदा करेंगे जो वर्तमान में अस्तित्व में नहीं है। हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अपने इनोवेशन से, बिज़नेस आइडियाज के दम पर नई टेक्नोलॉजी के जरीय ऐसी नौकरियां पैदा करेंगे जिनकी आज कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि, ÷मुझे यह देख कर खुशी होती है कि हमारे स्कूलों के बच्चे अपना बिज़नेस शुरू करने का सपना देख रहे है और अपने-अपने क्षेत्रों में कुछ नए प्रयोग करने के लिए बेताब है, इनकी इस बेताबी को दिल्ली सरकार सपोर्ट करेगी, इसी से आने वाले समय की नई नौकरियां पैदा होंगी। स्टूडेंट्स से चर्चा करते हुए सिसोदिया ने कहा कि, नौकरी मांगने वालों के साथ-साथ यह भी जरुरी है कि हमारे स्कूलों से नौकरी देने वाले और केवल नौकरी देने वाले नहीं बल्कि भविष्य की नौकरियां पैदा करने वाले बच्चे भी निकले।

उत्तर प्रदेश में भाजपा के संपर्क में हैं सपा के 100 विधायक : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, 08 सितम्बर 2022। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली जिसके बदौलत उत्तरप्रदेश में भाजपा की दूसरी बार सरकार बानी है। सीएम योगी द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों और भाजपा की नीतियों से बड़ी संख्या में सपा के 100 विधायकों के भाजपा में शामिल होने के संकेत मिल रहे हैं। यह दावा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया है। उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी के 111 विधायक हैं जिसमें से 100 विधायक भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं।

मौर्य ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को उस प्रस्ताव का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर मौर्य 100 भाजपा विधायकों का समर्थन जुटाते हैं, तो सपा उन्हें मुख्यमंत्री बनाएगी। मौर्य ने अखिलेश यादव की टिप्पणियों का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि सपा प्रमुख अपने विधायकों को साथ नहीं रख पा रहे है, ऐसे में वह इस तरह की पेशकश कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷विधानसभा चुनाव हारने के बाद अखिलेश ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे मछली पानी से बाहर आने पर तड़पती है।

समाजवादी पार्टी अब समस्ती पार्टी है जो अपने अंत के करीब है। मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार के पास प्रचंड बहुमत है और उसे किसी अन्य दल को तोड़ने की जरूरत नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और एक ओबीसी नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी अखिलेश की टिप्पणी का तुरंत जवाब दिया और उन्हें अपनी ही पार्टी के सांसदों के बारे में चिंता करने की सलाह दी। चौधरी ने कहा, ÷अखिलेश केशव मौर्य के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं।

वह मजबूती से हमारे साथ हैं और उनकी चिंता करने के बजाय, अखिलेश को अपने गठबंधन सहयोगियों, अपने परिवार, अपनी पार्टी और अपनी पार्टी के विधायकों के बारे में अधिक चिंता करनी चाहिए। जिनमें से कई हमारे संपर्क में हैं।

किशोर को तालिबानी सजा

अफेयर के शक में आरोपियों ने नंगे कर बेरहमी से पीटा,मुर्गा भी बनाया,जांच में जुटी पुलिस

रीवा, 08 सितम्बर 2022। मध्यप्रदेश के रीवा में प्रेम-प्रसंग के शक में एक किशोर की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। साथ ही मुर्गा भी बनाया। तालिबानी सजा देने का VIDEO जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आईटी एक्ट का मामला दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस साइबर सेल की भी मदद ले रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि क्रूरता की सारी हदें पार करने वाला यह वीडियो रायपुर कर्चुलियान थाने क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग के संदेह में किशोर को कुछ युवक नंगा करके लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर रहे हैं। हालांकि इस मामले की किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में ले लिया है। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। एसएसपी नवनीत भसीन ने बताया कि यह वायरल वीडियो रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के जोगिनहाई का बताया जा रहा है। कुछ लोग एक किशोर को निर्वस्त्र कर मार रहे हैं। साथ ही उसे मुर्गा भी बनाया। वीडियो में चार से पांच की संख्या में युवक किशोर के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे है। पुलिस ने सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो के तहत आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर किया है।

पदयात्रा की जनाधार से बगैर गठबंधन चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : राहुल

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में बुधवार को भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की है। देश भर में कांग्रेस को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत जोड़ो यात्रा कर रही कांग्रेस बड़ा लक्ष्य लेकर जनता के बीच जा रही है। इसके तहत विधानसभा के चुनावों से लेकर लोकसभा के चुनावों का पूरा ग्राफ खींचना शुरू कर दिया है। चर्चाएं तो इस बात की भी हो रहीं हैं कि पार्टी इस यात्रा के दौरान मिलने वाले जनसमर्थन के बाद लोकसभा के चुनावों में किसी नए गठबंधन की ओर नहीं बढ़ेगी। यानी कि पार्टी अपने दम पर पुराने संगठक दलों के साथ ही मैदान में उतरेगी। यह एक तरह से अभी से देश के कई नेताओं की ओर से तैयार की जा रही राजनैतिक जमीन के लिए झटका भी माना जा रहा है।

यात्रा से मिलने वाले जनाधार से बनेगी रणनीति : आनंद कुमार

कांग्रेस की शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पार्टी ने सिर्फ यात्रा ही नहीं बल्कि आने वाले चुनावों की एक तरह से अपने जनाधार की पैमाइश शुरू कर दी है। राजनैतिक विश्लेषक आनंद कुमार कहते है कि कांग्रेस बहुत दिनों बाद इतने बड़े स्तर पर सड़क पर उतर कर सैकड़ों किलोमीटर का सफर करने जा रही हैं। ऐसे में इस यात्रा से मिलने वाले जनाधार से पार्टी के अंदर तमाम तरह की नई योजनाओं को बनाने का खाका तैयार किया जाएगा। इसमें नए राजनैतिक गठबंधन वाले समीकरण समेत आगे की चुनावी तैयारियों को नए आयाम भी दिए जाएंगे। कांग्रेस से जुड़े नेता भी बताते हैं कि इस यात्रा के दौरान और बाद में पार्टी जनाधार के आधार पर बड़े फैसले ले सकेगी।

भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा है व्यापक समर्थन

पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि पार्टी को जिस तरह से यात्रा शुरू करने से पहले ही इतना समर्थन मिल रहा है वह बड़े बदलाव का इशारा कर रही हैं। अब इस बदलाव का असर किस तरह से होगा इसका पार्टी आलाकमान अपने स्तर पर एनलालिसिस करके आगे बढ़ेगी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का सबसे ज्यादा असर चुनावी गठबंधन पर पड़ेगा। इसकी वजह बताते हुए वरिष्ठ राजनैतिक जानकर एचएन सागर कहते हैं कि अगर पार्टी साढ़े तीन हजार किलोमीटर की पद यात्रा कर रही है तो वो इसलिए नहीं कर रही कि अपने तैयार किये जाने वाले जनाधार और राजनैतिक भरोसे को गठबंधन के हवाले कर दे। वह कहते हैं कि यह बात बिल्कुल स्पष्ट है कि आने वाले चुनावों में सबसे पहले कांग्रेस ही जमीन पर उतरी है। इसलिए किसी भी बड़े गठबंधन की तैयार होने वाली जमीन पर कांग्रेस के नेता को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर नकारा नहीं जा सकता। और यही गठबंधन में सबसे बड़ी समस्या का कारण भी बन रहा है।

अपने दम पर ही चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

राजनैतिक गलियारों में चर्चाएं है कि आने वाले लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस अकेले अपने दम पर ही चुनाव लड़ेगी। नीतीश कुमार और नेताओं के साथ चल रही गठबंधन की जमीन सभी दलों को एक साथ लेकर बनने में मुश्किल नजर आ रही है। ऐसे में कयास यही लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस अपने पुराने घटक दलों के साथ मिलकर ही 2024 के लोकसभा के चुनावों में आने की पूरी तैयारी कर रही है। राजनैतिक जानकारों का मानना है कि नीतीश कुमार के प्रयास अपने स्तर पर होते रहेंगे लेकिन कांग्रेस को भारत जोड़ों यात्रा से मिलने वाली पॉलिटिकल बूस्टर डोज अलग तरह से काम करेगी। जिससे नए राजनैतिक समीकरण बनेंगे।

संपादकीय

नीतीश बचा सकते हैं कांग्रेस को

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके विरोधी भी बहुत होशियार राजनेता मानते हैं। पिछले करीब ढाई दशक से वे सत्ता में हैं और अब तक बहुत सुरक्षित और सधा हुआ दांव खेलते रहे हैं। पहली बार उन्होंने अपने को इतने बड़े दांव पर लगाया है। विपक्षी एकजुटता का दांव उनके कौशल की परीक्षा है। उनका पहला लक्ष्य भाजपा को रोकना दिख रहा है लेकिन उनके इस प्रयास का फायदा कांग्रेस को हो सकता है। नीतीश को इस बात का अंदाजा है। ध्यान रहे बिल्कुल हाशिए पर पहुंच गई कांग्रेस को बिहार में 2015 के चुनाव में नीतीश के कारण ही संजीवनी मिली थी। इस बार फिर कांग्रेस को संजीवनी दिला सकते हैं नीतीश।

उन्होंने नई दिल्ली में राहुल गांधी से मिल कर साफ कर दिया है कि वे भाजपा विरोधी मोर्चा कांग्रेस के बगैर नहीं बन सकता है। राहुल से मिलने के बाद नीतीश जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी से मिले और दिल्ली आने से पहले के चंद्रशेखर राव उनसे मिलने पटना गए थे। ये दो ऐसे राज्य हैं, जहां अगर नीतीश कुमार दोनों प्रादेशिक पार्टियों के साथ कांग्रेस का तालमेल करा देते हैं तो कांग्रेस को बहुत बड़ा फायदा हो सकता है।

कर्नाटक में कांग्रेस और जेडीएस की साझा सरकार थी, जिसे भाजपा ने गिरा दिया। अगर नीतीश के प्रयास से दोनों पार्टियां साथ मिल कर लड़ने को तैयार हो जाती हैं तो अगले साल मई में कर्नाटक में फिर उनकी साझा सरकार बन सकती है और 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों की सीटें बढ़ जाएंगी। राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस और जेडीएस दोनों को सिर्फ एक-एक सीट मिली है। वहां बड़ा उलटफेर हो सकता है। इसी तरह तेलंगाना की 17 में से कांग्रेस को सिर्फ तीन सीट मिली है। वहां भी अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। टीआरएस और कांग्रेस के मिल कर लड़ने पर भाजपा को ध्रुवीकरण का मौका मिलेगा। लेकिन अगर दोनों के बीच सीटों का रणनीतिक तालमेल होता है तो उसका फायदा हो सकता है।

नीतीश कुमार के प्रति विपक्षी नेताओं का जो सद्भाव है उसका इस्तेमाल कर अगर वे कुछ और राज्यों में कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों के बीच तालमेल बनवाते हैं तो उसका बड़ा लाभ कांग्रेस को होगा। ऐसे दो राज्य हैं- उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। अखिलेश यादव अभी कांग्रेस से बहुत नाराज हैं। लेकिन उनको भी पता है कि वे अकेले भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। सपा, कांग्रेस और रालोद का गठबंधन हो तो तीनों पार्टियों को फायदा हो सकता है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के दो सांसद हैं और लेफ्ट का एक भी सांसद नहीं है। अगर नीतीश ममता बनर्जी को कांग्रेस के रणनीतिक तौर पर सीटों के एडजस्टमेंट के लिए तैयार करते हैं तो कांग्रेस को उसका भी फायदा होगा। महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कांग्रेस के पास सहयोगी है।

जी चाहता है

पुष्पा स्वाती
मुम्बई

जी चाहता है तेरे पास आना ओ जाने जाना सुनो जाने जाना
तबस्सुम से चाहे तेरे लब सजाना ओ जाने जाना सुनो जाने जाना
जी चाहता है ,,,,,,,,,,,
पशेमां तुम्हें अब न हम होने देंगे
तुम्हारी निगहबानी में अब रहेंगे
जब चाहे दिल को मेरे आज़माना ओ जाने जाना सुनो जाने जाना
जी चाहता है ,,,,,,,,,,,
दिल है तुम्हारा हम भी तेरे अब
बताओ मेहरबां है जाना कहां तक
अब न रहो चुप कुछ तो बताना
ओ जाने जाना सुनो जाने जाना
जी चाहता है ,,,,,,,,,,,,,,
भुलाने से अब भुलता है नहीं दिल
कहीं ना कहीं इसको जाओगे तुम मिल
चाहे तुम्हारे ग़मों का ख़ज़ाना ओ जाने जाना सुनो जाने जाना
जी चाहता है ,,,,,,,,,,,.

अजनबी घर

प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

वो जो तूफानों के सायों तले था पनाह बना
तिनका-तिनका जोड़ कर इक ख़्वाबगाह बना
एक मुश्त रेत सा ढह गया गोया गुनाह बना
जिसका मुसलसल गौहर हमने हर पहर किया
ता-उम्र हमने अजनबी घर में गुज़र किया
एक उम्र हो चली जो कभी आशनाई थी
ये भी गुज़िश्ता कि रुख़ शर्म-ए-रानाई थी
उन सी ही ख़ूबसूरत, उनकी परछाई थी
इस याद की शानों तले हर पल बसर किया
ता-उम्र हमने अजनबी घर में गुज़र किया
मुद्दत हुई जो इश्क़ की ख़ातिर थे मर रहे
बन लैला-मजनूं ज़िंदगी भर के वादे कर रहे
वादों-क़समों-रस्मों से थे दामन भर रहे
गेसू तले ख़्वाबीदा शाम-ओ-सहर किया
ता-उम्र हमने अजनबी घर में गुजर किया

काठ का पुतला

ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

खुदा की नेअमत हो,काठ का कोई पुतला नही।
के है वज़ूद तेरा,तुम पत्थर की शिला नही।
न जीयो तुम माटी के रीते बर्तन की तरह,
तुम्हीं हो जीवनदायिनी,तुम अबला नही।
न करो जिंदगी से यूँ शिकायत, हौसला रखो,
है नजदीक ही मंजिल,अब कोई फासला नही।
दबी दबी सिसकियाँ,ये भींगी पलकों का काजल,
मकबरों से निकलो फिर कोई मसला नही।
मनचाहे रंगों से सजा लो,जिंदगी का कैनवास,
कैसे होगा ख्वाब पूरा,जो पलकों में पला नही।

अपने ही देश में गायों की हो रही है दुर्दशा

प्रियंका सौरभ
हिसार
हरियाणा

भारतीय संस्कृति में जिस गाय को मां की संज्ञा दी गई है, उसका ऐसा हश्र लम्पी बीमारी से पहले कभी नहीं हुआ। गायों की दुर्दशा को लेकर अब सिर्फ जिनके घर गाय है वो ही चिंतित हैं। क्या गाय बचाने की जिम्मेवारी सिर्फ पशुपालन विभाग की ही बनती है, बाकी समाज केवल तमाशा देखे। आज तथाकथित गौभगत और गाय के नाम पर लूटकर खाने वाले चाहे वो कोई भी हो लगभग गायब है। (इक्का-दुक्का को छोड़कर) मृत गायों को खुले में फेंकने से संक्रमण तेजी से फेल रहा है। कहीं यह महामारी न बन जाए। क्योंकि मृत गायों की दुर्गंध और प्रदूषण से आस-पास के लोगों में भी अन्य बीमारियां फ़ैल रही है। %एक शाम, गायों के नाम% पर करोड़ों रुपए लेने वाले और गाय के ठेकेदार बागडबिल्ले सब कहाँ छुप गए? आखिर गायों की हो रही है दुर्दशा? गाय रो-रो कर पूछ रही है, कहां गए वह गौ सेवक? कहां गई वह राजनीतिक पार्टियां जो मेरे नाम पर सरकार बनाते है। कहां गए हो चंदा इकट्ठा करने वाले जो मेरे नाम पर करोड़ों रुपए कमा गए? आज किसान की दुर्दशा हो रही है, उसका पालतू पशु गाय मर रही है लेकिन उसके बस की बात नहीं है। गाय के नाम पर राजनीति चलती रहती है मगर जमीनी हकीकत यह है कि अक्सर मुद्दे उठाए जाते हैं लेकिन उसकी समस्याओं का निराकरण कभी नहीं होता। अगर देश में जिसने भी आज तक गाय नाम से कुछ न कुछ कमाया है, वो एक-एक गाय बचाने का जिम्मा ले तो गाय इस दुर्दशा से बच सकती है।

गाय देश में हमेशा से ही एक संवेनदशील मुद्दा रहा है और इस पर राजनीति होती रही है। मगर जिस समाज में गाय को पूजा जाता है, उसके लिए आस्था अगर कहने भर की हो, दिल से नहीं और वहां इसके लिए कोई कानून नहीं, मन में सच्चा दर्द नहीं हो तो वह कैसा समाज ? हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार गाय को गौ माता भी कहा जाता है। गौ माता के पूजन के बारे में वेदशास्त्रों, धर्मग्रंथों में क्या कहा गया है। इसलिए अगर किसी के हाथों गाय की हत्या हो जाती है तो यह घोर पाप माना जाता है। फिर आज गाय की इतनी दुर्दशा हो रही है। जिसकी हम कल्पना तक नहीं कर सकते हैं। गाय को रखने वाले लोग स्वार्थी हो गए हैं जब तक गाय दूध देती है। तब तक तो लोग उसे अपने पास रखते हैं और उसके बाद उसका दूध निकाल कर सड़कों पर आवारा रूप से छोड़ देते हैं।

लेकिन देश में कहीं भी उन गायों के लिए कोई प्रवाधान नहीं है, जिन्हें बेसहारा छोड़ दिया जाता है। नतीजन वे अक्सर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाती हैं। कई बार वे पोलिथीन खा जाती हैं, जिससे गंभीर रूप से बीमार हो जाती हैं। गोशालाओं की दुर्दशा भी किसी से छिपी नहीं है। अक्सर ही गोशालाओं में भूख से गायों के मरने की खबरें आती रहती हैं। गायों की देखभाल करने के लिए बनाई गई गोशालाओं की दुर्दशा पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उनके चारे और स्वास्थ्य का का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। जो गाय दूध देने के काबिल नहीं रहतीं, उन्हें कुछ लोग सड़क पर खुला छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ भी सजा का प्रावधान होना चाहिए। गाय को लावारिस सड़क पर छोड़ देना भी सही नहीं है। अगर लावारिस गाय दुर्घटना का शिकार होकर मर जाए तो उसे भी गोवध ही माना जाना चाहिए। गाय महज एक जानवर नहीं है। यह भारतीय समाज के लिए आस्था भी है। कुछ लोग गोवध करके इस आस्था पर चोट करते हैं, जो नहीं होनी चाहिए। गाय के प्रति ये दोहरी नीति समझ से परे है। बहरहाल, गोवंश बचाया ही जाना चाहिए।

भारतीय संस्कृति में जिस गाय को %मां% की संज्ञा दी गई है, उसका ऐसा हश्र लम्पी बीमारी से पहले कभी नहीं हुआ। गायों की दुर्दशा को लेकर अब सिर्फ जिनके घर गाय है वो ही चिंतित हैं। क्या गाय बचाने की जिम्मेवारी सिर्फ पशुपालन विभाग की ही बनती है, बाकी समाज केवल तमाशा देखे। आज तथाकथित गौभगत और गाय के नाम पर लूटकर खाने वाले चाहे वो कोई भी हो लगभग गायब है। (इक्का-दुक्का को छोड़कर) मृत गायों को खुले में फेंकने से संक्रमण तेजी से फेल रहा है। कहीं यह महामारी न बन जाए। क्योंकि मृत गायों की दुर्गंध और प्रदूषण से आस-पास के लोगों में भी अन्य बीमारियां फेल रही है। एक शाम गायों के नाम पर करोड़ों रुपए लेने वाले और गायो के ठेकेदार बागडबिल्ले सब कहा छुप गए? गायों की हो रही है दुर्दशा गाय रो-रो कर पूछ रही है, कहां गए वह गौ सेवक? कहां गई वह राजनीतिक पार्टियां जो मेरे नाम पर सरकार बना ली। कहां गए हो चंदा इकट्ठा करने वाले जो मेरे नाम पर करोड़ों रुपए कमा गए? कहां आज किसान की दुर्दशा हो रही है, उसका पालतू पशु गाय मर रही है लेकिन उसके बस की बात नहीं है।

चुनावी वादों से जितना नुकसान किसान के इस पशुधन गाय का हुआ है शायद ही किसी अन्य पशु का हुआ हो। करोड़ों रुपयों के बजट भी गाय के अच्छे दिन नहीं ला सके। गौमाता की दुर्दशा का अंदाजा गौशालाओ व सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाओं में गाय की अकाल मृत्यु से लगाया जा सकता है। आज हालात ये है कि इस मूक पशु के संरक्षण की ज़िम्मेदारी लेने को कोई सरकार कोई संगठन तैयार नही, गाय सिर्फ राजनीति के नारों मे जरूर ज़िंदा है। सरकार चाहे तो सड़को, राजमार्गो व गली मोहल्लों में भूख-प्यास व बीमारियों से मरती गायों का ज़िला स्तर पर चारागाह व सरकारी भूमि मे संरक्षण कर सकती है, जँहा गोबर व गौमूत्र से जैविक खाद व जैविक कीटनाशक बनाए जा सकते हैं। सरकार गौमूत्र, वर्मी कम्पोस्ट व वर्मीवाश का उत्पादन कर सस्ती दरों पर किसानों को उपलब्ध करा सकती है।

गोबर व गौमूत्र मे सभी प्रकार के 16 पोषक तत्व, एमिनो एसिड्स, कार्बनिक पदार्थ, ह्यूमस व पर्याप्त नाईट्रोजन पाई जाती है जो कि फसलों के उत्पादन के लिए किसी वरदान से कम नही है। जीवामृत, घन जीवामृत, व अन्य जैविक तरल खाद भी गोबर और गौमूत्र से ही तैयार होती है। अगर सरकार इस व्यवस्था पर ध्यान दे और कार्य करे तो ये उत्पाद लघु व सीमांत किसानों को सस्ती दर पर सरकारी किसान केंद्रों व केवीके से उपलब्ध कराया जा सकता है। इस व्यवस्था से जैविक खेती के रकबे को भी बढ़ाया जा सकता है जिसके लिए राज्य व केंद्र सरकार वर्षो से प्रयासरत है । इससे रासायनिक दवा, कीटनाशक ओर रासायनिक खाद के खर्चे को भी कम किया जा सकता है और किसानो को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के साथ साथ आत्महत्या से भी बचाया जा सकता है ।

सरकारों ने सिर्फ कागजों में लीपापोती की धरातल पर कुछ नहीं किया। सब कुछ भगवान भरोसे है। गाय के नाम पर राजनीति चलती रहती है मगर जमीनी हकीकत यह है कि अक्सर मुद्दे उठाए जाते हैं लेकिन उसकी समस्याओं का निराकरण कभी नहीं होता। अगर देश में जिसने भी आज तक गाय नाम से कुछ न कुछ कमाया है, वो एक-एक गाय बचाने का जिम्मा ले तो गाय इस दुर्दशा से बच सकती है।

अति आधुनिक या अति अंधविश्वासी, रूढ़िवादी होना हानिकारक,मध्यम मार्ग ही श्रेष्ठ है

संजीव ठाकुर
रायपुर
छत्तीसगढ़,

भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख नहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज़्ज़ा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज अंत्येष्टि रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं। रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनश्वर को अपनाता है दूसरी तरफ नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है। दूसरी तरफ अपने पारंपरिक दार्शनिक धार्मिक मूल्यों जैसे ज्ञान, भक्ति, कर्म मार्ग, अवतारवाद, पुनर्जन्म, आस्था तथा मोक्ष की अवधारणा और अहिंसा के सिद्धांतों पर अभी भी आस्थावान है। धर्म तथा अध्यात्म का आकर्षण कम होने के स्थान पर ज्यादा हुआ है। धार्मिक स्थलों के बढ़ते निर्माण धर्म गुरु के सत्संग, प्रवचन, पूजन, भजन ,कीर्तन, अजान ,अरदास, उपवास, रोजा, तीर्थ स्थलों, दरगाह पर भारी भीड़ यह सब सिद्ध करते हैं कि भारतीय समाज आधुनिक होने के साथ-साथ रूढ़िवादिता पर भी विश्वास रखता है। इन्हीं सब कारको के कारण रूढ़िवादिता तथा पाश्चात्य दर्शन का अंतर्विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखते हुए हम भारतीय समावेशी विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ विकास के नाम पर खनन, पेडो की बेतरतीब कटाई जारी रख पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हैं। जल, जंगल, जमीन से लेकर हवा तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इससे रूढ़िवादिता और पश्चिमीकरण मैं द्वंद स्पष्ट उजागर होता है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाज ने अपने संविधान के निर्माण और व्यवस्था के गठन तक में रूढ़िवाद और आधुनिकता दोनों का समन्वय बनाकर दोनों ही वाद को पर्याप्त स्थान दिया है। परंपरागत मूल्यों को जहां मौलिक कर्तव्य राज्य नीति के निर्देशक तत्व और प्रस्तावना में स्थान दिया है। इसके अलावा मौलिक आजादी के समानता के सिद्धांत को फ्रांस से, संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से और मानवीय मूल अधिकार को अमेरिका से ग्रहण करने में जरा भी संकोच नहीं किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्तर पर भी भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। एलोपैथी पद्धति से इलाज ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है वही आयुर्वेद योग, परंपरागत आयुर्वेद, ध्यान, नेचुरोपैथी आदि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में भी लोगों की रुची बड़ी तेजी से बढ़ी है। रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा है %आधुनिकता पोशाक में नहीं विचारों में होनी चाहिए%

भारतीय समाज बाह्य वस्तुओं के साथ-साथ वैचारिक और संस्कृति स्तर पर भी रूढ़िवादिता और आधुनिकता दोनों की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। ऐतिहासिक तौर पर भी भारतीय कला और संस्कृति का विकास स्वयं में रूढ़िवादिता और आधुनिकता के समन्वयक का उत्कृष्ट उदाहरण अमीर खुसरो भारतीय वीणा और इरानी तंबूरे को मिलाकर सितार बना रहे थे। स्थापत्य की नागर शैली व मूर्ति कला की गंधार शैली अलग-अलग भारतीय व बाह्य कलाओं के समन्वय का उत्कृष्ट परिणाम है। मुस्लिम स्थापत्य पर भारतीय प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। हिंदी और फारसी के सहयोग से उर्दू का जन्म भारतीय समाज की ही देन है।

भारत ब्रिटेन से बड़ा सेठ लेकिन...

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ताजा रपट पर भारत का ध्यान सबसे ज्यादा जाएगा, क्योंकि उसके अनुसार भारत अब ब्रिटेन से बड़ा सेठ बन गया है। इस वर्ष ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 816 अरब डालर की रही, जबकि भारत की 854.7 डालर की हो गई। याने ब्रिटेन से हम लगभग 38 अरब डालर आगे निकल गए। लेकिन हम यह न भूलें कि ब्रिटेन की आबादी मुश्किल से 7 करोड़ है और भारत की आबादी उससे 20 गुना ज्यादा है याने करीब 140 करोड़!

हमारी अर्थ-व्यवस्था ब्रिटेन से बड़ी जरुर हो गई है और इसका हमें गर्व भी होना चाहिए लेकिन भारत के आम आदमी को क्या इतनी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जितनी ब्रिटिश लोगों को है। वहां औसत आदमी की वार्षिक आमदनी 47000 डालर है और उसके मुकाबले भारत में वह सिर्फ 2500 डालर है। यह ठीक है कि हमारे देश के कुछ मुट्ठीभर लोग ऐसे हैं, जो ब्रिटेन के औसत अमीरों से भी ज्यादा अमीर हैं लेकिन 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों की हालत कैसी है? क्या उनको शिक्षा, चिकित्सा, भोजन, निवास और रोजगार आदि पर्याप्त मात्रा में हम दे पाते हैं?

नहीं, उनकी फिक्र हमारे नेताओं को बस तभी होती है जब वोट का त्योहार याने चुनाव सामने आता है। यह ठीक है कि ब्रिटेन और यूरोप के कई राष्ट्र एशिया और अफ्रीका के कई देशों का बरसों खून चूसते रहे और अपने उपनिवेशों के दम पर मालामाल हो गए लेकिन दुनिया के कई देश ऐसे हैं, जो 70-75 साल पहले तक भारत की तुलना में बहुत पिछड़े हुए थे लेकिन संपन्नता के मामले में भारत से बहुत आगे निकले हुए हैं। जैसे चीन, सिंगापुर, मलेशिया, कोरिया आदि! इन देशों ने किंही उपनिवेशों का खून नहीं चूसा है। ये अपने दम पर आगे बढ़े हैं। ये ठीक है कि इन देशों में भारत की तरह खुली लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं पनप पाई लेकिन क्या यह कम बड़ी बात है कि वहां लोग भूखे नहीं मरते, दवा के अभाव में दम नहीं तोड़ते, प्रायः सभी बच्चे स्कूल जाते हैं। इन देशों में भारत की तरह मुट्ठीभर बेहद अमीर लोग भी रहते हैं लेकिन गरीबी और अमीरी की जैसी खाई भारत में खिंची हुई है, वैसी वहां नहीं है। इन पूर्वी देशों में चीन के अलावा मैंने भूखों और भिखारियों की भीड़ कहीं नहीं देखी।

चीन में भी गैर-हान इलाकों में गरीब, अशक्त, अनपढ़ और भिखारियों को अभी देखा जा सकता है लेकिन चीन के कई शहर और गांव अमेरिका के शहरों और गांवों से भी आगे हैं। हम भारत को भी कई मामलों में दुनिया के ज्यादातर देशों से आगे गिना सकते हैं। जैसे इंटरनेट के उपभोक्ताओं की संख्या, नए काम-धंधे शुरु करने में, डिजिटल लेन-देन में, परमाणु शस्त्रों और विमानवाहक पोत के निर्माण आदि में भारत तीसरी दुनिया के देशों में चीन को छोड़ दें तो सबसे आगे है। भारत यों तो अर्थ-व्यवस्था के मामले में ब्रिटेन से आगे निकल गया है लेकिन दिमागी तौर पर अभी भी वह ब्रिटेन का उपनिवेश ही बना हुआ है। भारत पर आज भी ब्रिटिश संस्कृति हावी है। उससे पिंड छुड़ानेवाला गांधी और लोहिया के बाद कोई नेता देश में अब तक हुआ नहीं। यदि भारत को कोई सांस्कृतिक और बौद्धिक आजादी दिला सके तो भारत की अर्थव्यवस्था ब्रिटेन से 20 गुना बड़ी हो सकती है।

-वेद प्रताप वैदिक-

नेताओं की राजनीति आखिर तिरंगे के अपमान से ही क्यों होती हैं खत्म

हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा और हमर तिरंगा अभियान के बाद अब तिरंगे के अपमान का जवाबदार कौन किस पर होंगी तिरंगे का अपमान करने की कार्यवाही...

शुभांकुर पाण्डेय
अम्बिकापुर सरगुजा

लगभग लगभग अधिकांश रूप से देखा जा रहा हैं की नेताओं की राजनीती का एक बड़ा हिस्सा अब भारत की आन बान शान हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बनता जा रहा हैं अपनी राजनितिक रोटी सेकने के चक्कर में बड़े ही आसानी से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का उपयोग अपनी राष्ट्रभक्ति दिखाने के लिए की जा रहा हैं लेकिन इस तरह के राष्ट्रभक्ति से कही ना कही भारत की आन बान शान तिरंगा का अपमान धल्ले से हो ही रहा हैं जिसका जिम्मेदार कोन हैं यह तो स्वयं समझना पड़ेगा.

आपको बता दे की भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हमर तिरंगा का अभियान चलाया गया यहाँ तक की प्रधानमंत्री के इस अभियान कों भारत के लगभग लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रीयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और मुख्यमंत्रियों के आदेशों का पालन हर राज्य के जिला के जिला अधिकारीयों ने जी तोड़ मेहनत कर इस अभियान कों लोगों तक पहुंचाया और वाहवाही लूटी.

लेकिन इस तरह के अभियान जो की 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने की अपील की गई थी और तमाम नेताओं ने मुख्यमंत्रियों ने तिरंगे कों मान सम्मान के साथ फहराने की लगातार अपील की थी परन्तु अब अगर इन दिग्गज दिग्गज नेताओं के अपील से तिरंगा झंडा जो की भारत का आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज कों लोगों ने अपनी देशभक्ति और वतन के प्रेम में लगा लिया.

परन्तु इस तरह के अभियान में कई राज्यों के कई शहरों से लेकर ग्रामीणों कों राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा के नियम के बारे में कुछ पता ही नहीं हैं वे सिर्फ बड़े बड़े दिग्गज नेताओं के अपने अपने घर में तिरंगा झंडा लगाने के अपील कों गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा कों अपने अपने घरों के साथ साथ बिजली के खम्भे, पेड़, ऑटो बस रिक्सा बाईक दुकानों के होर्डिंग में जैसे कई अन्य जगहों में तिरंगा झंडा लगा डाले.जिसके बाद हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा, हमर तिरंगा इस तरह से अन्य राज्यों में अलग अलग नाम से चलाये गये अभियान के कारण आज सड़क किनारे बिजली के खम्भे में लोगों के छत में पेड़, ऑटो, बस, रिक्शा,बाईक, दुकानों के होर्डिंग में जैसे कई अन्य जगहों में राष्ट्रीय ध्वज फटे मैले हाल में लगा हुआ हैं जिससे यह स्पस्ट हो ही जाता हैं की राष्ट्रीय ध्वज का अपमान खुलेआम हो रहा हैं.

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा के अपमान मर्यादा आन बान शान कों ताक में रखते हुए किस प्रकार की राजनितिक रोटी सेंकी जाती हैं यह कहना तो मुश्किल हैं परन्तु इस बात का जवाब आम जानता कों कोन देगा की राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का जिम्मेदार कोन हैं और इस तरह के तिरंगे के राजनीती कैसे चमक सकेगी.

सीमा पर तैनात लाखों जवान जो अपने देश के राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए पुरे हौसले जोश के साथ देश के प्रति समर्पण जज्बा अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटने वाले जवानों कों कों इन राजनीतिक रसूखदारों के द्वाराकिस तरह से सहयोग किया जा रहा हैं यह देखने वाली बात हैं एक तरफ जहाँ देश के जवान तिरंगे के सम्मान में अपने प्राणों की आहुति हॅसते हॅसते दे देते हैं वहीं इधर राष्ट्रीय ध्वज कों सड़क किनारे बिजली के खम्भे में लोगों के छत में पेड़, ऑटो, बस, रिक्शा,बाईक, दुकानों के होर्डिंग में जैसे कई अन्य जगहों में राष्ट्रीय ध्वज फटे मैले हाल में लगा तिरंगे का अपमान किया जा रहा हैं.

क्यों ना एक अभियान और चलाया जाए की कही भी सड़क किनारे बिजली के खम्भे में लोगों के छत में पेड़, ऑटो, बस, रिक्शा,बाईक, दुकानों के होर्डिंग में जैसे कई अन्य जगहों में राष्ट्रीय ध्वज फटे मैले हाल में लगे झंडे कों तत्काल सम्मान उतारा जाए और तिरंगा झंडा का अपमान करने वालो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

नोटः- कई जगहों का तिरंगा झंडा के फटे पुराने मैले झंडे का फोटो उपलब्ध हैं परन्तु राष्ट्रीय ध्वज के मर्यादा और सम्मान के कारण हम उस फोटो कों खबर के साथ नहीं लगा रहें हैं।

सिद्धि विनायक

प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
छत्तीसगढ़

हे गणपति गणराज जी,आओ हमरे द्वार।
विनती मेरी आपसे,कर दो नैया पार।।
करते मिलकर प्रार्थना, और झुकाये माथ।
दे दो आशीर्वाद जी,अपने चारों हाथ।।
सेवा प्रतिदिन मैं करूँ, और लगाऊँ भोग।
स्वस्थ रहे अब देह भी, निकट न आये रोग।।
भर दो मुझमें ज्ञान जी, रोशन हो जग नाम।
रहे न कंटक राह में, नेक करूँ हर काम।।
भेदभाव है बढ़ रहा, होता अत्याचार।
लालच में आकर यहाँ, करते भ्रष्टाचार।।
आओ हे गणराज जी, मेरी सुनो पुकार।
मिट जाये सब क्लेश भी, विनती बारम्बार।।
सिद्धि विनायक आप हो, करते मंगल काज।
कलयुग दानव नाश हो, बचे हमारी लाज।।
निशदिन पूजापाठ हो, और लगाये ध्यान।
सेवा हो माँ बाप की, दे दो ऐसा ज्ञान।।

साक्षर भारत सक्षम भारत

अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

भारत साक्षर होगा
भारत सक्षम होगा।
विश्व साक्षरता का यह ध्येय है
सभी को पढ़नाङ्कलिखना आए।
पढ़नाङ्कलिखना बहुत कुछ कहता है
हम संस्कारवान बने सुसंकृत बने।
हम इस योग्य बने की
आत्मनिर्भर हो जाएं।
और यह भी कहता है कीङ्क
एकता भाईचारा और मानवीयता
की मिशाल पेश कर सकें।
हम राष्ट्रीय भावनाओं का सम्मान करें।
इसको आत्मसात करें।
तभी हमारा देश सही मायने में
साक्षर और सक्षम कहलाएगा।
मात्र पढ़ने लिखने से हमारा
ध्येय और लक्ष्य पूरा नहीं होगा।
ध्येय को पूरा करने के लिए
साक्षरता की महत्ता,उपयोगिता
को समझना होगा,जानना होगा।
साक्षरता अर्थात शिक्षा का विशेष महत्व।
राष्ट्र प्रगति करे,सामाजिक बदलाव आए।
चिंतन में ,रहनङ्कसहन में
आमूलचूल परिवर्तन आए।
लोगों के सोच में बदलाव आए।
देश,समाज हित के लिए
सकारात्मक बदलाव आए।

साक्षरता की मशाल जलाओ

देवप्रसाद पात्रे
मुंगेली,
छत्तीसगढ़

साक्षरता की मशाल जलाकर
नौजवानों आओ।
अज्ञानता के अंधकार को मिलके
सभी भगाओ।
गरीब अनपढ़ बिना ज्ञान के, लूट
रहे हैं साहूकार।
पीढ़ी-पीढ़ी बहते जा रहे हैं
अनपढ़ता के धार।।
मिलके सभी आओ साथियों
ज्ञानदीप जलाओ।
अज्ञानता के अंधकार को मिलके
सभी भगाओ।
हक है उन्हें भी शिक्षा पाने का जो
खेतों में हल चलाते।
झोपड़ी मिट्टी के घरों में रहकर तेरे
लिए महल बनाते।।
मिलके सभी आओ जवानों अपना
फर्ज निभाओ।
अज्ञानता के अंधकार को मिलके
सभी भगाओ।।
कोई न हो लाचार दे दो जीवन को
शिक्षा का आधार।
खुशियों से उनकी दामन भरकर दे
दो नया संसार।।
बनके तुम शिक्षादाता हर हाथ में
कलम थमाओ।
अज्ञानता के अंधकार को मिलके
सभी भगाओ।।

जग तारण गणपति

सोमेश देवांगन
कबीरधाम
छत्तीसगढ़

पूजा पाठ कर शीश झुकाये,
बेल पत्र संग गंग दुब चढ़ाये।
सुमन सा मन में भाव भर के,
फूलों की माला हम पहनाये।।
मूषक राज के करते सवारी,
एक दन्त देवा हो फ़रसा धारी।
मार के असुरन को विनायक,
सब देवो के करते हो रखवारी।।
गण के राजा तुम हो गणराज,
विघ्न विनाशक हो महाराज।
आये हम बालक द्वार तुम्हारे,
बालक की सदा रखना लाज।।
गौरी पुत्र हे गणपती गजानन,
आपके दर्शन है बड़ पावन।
मृत्यु लोक से हमको दो मुक्ति,
जानत है आप हो जग तारण।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

गौरी पुत्र नवयुवक सेवक संघ के आयोजन में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

महापौर डॉक्टर अजय तिर्की ने कहा युवाओं का संगठित होकर प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास सराहनीय

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

भगवान गणेश उत्सव को लेकर नगर के दर्रीपारा स्थित गौरी पुत्र नवयुवक सेवक संघ द्वारा अंचल की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई पहली पहल काफी सकारात्मक रही। तीन दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन ही बुधवार की शाम लोगो की भारी भीड़ आयोजन में दिखाई दी। रायपुर, चिरमिरी, सूरजपुर ,बतौली सहित स्थानीय प्रतिभागियों की जोरदार प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कि मोहल्ले के युवाओं के द्वारा संगठित होकर इस प्रकार का बड़ा आयोजन करना और प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना काफी सराहनीय है। इस प्रकार के आयोजन से ना सिर्फ प्रतिभाओं को एक मौका मिलता है, बल्कि युवाओं में भी संगठित होकर एक अच्छा काम करने की दिशा प्रबल होती है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद नगर निगम जल प्रदाय शाखा के प्रभारी द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि युवाओं का यह प्रयास और भी लोगों के लिए एक प्रेरणा है। इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए, इससे प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। आयोजन में विशेष रूप से पार्षद शैलेंद्र सोनी, पूर्व पार्षद विनय शर्मा, वीरेंद्र बघेल,गुरप्रीत सिंह (सिद्धू), सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन के पहले दौर में ही मोनू के द्वारा भगवान श्री गणेशा गाने पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन में डांसिंग और सिंगिंग कंपटीशन तीन कैटेगरी में रखा गया है। गौरी पुत्र नवयुवक सेवक संघ के द्वारा इस पहले पहल को ना सिर्फ लोगों ने सराहा बल्कि भारी संख्या में उपस्थिति ने पूरे आयोजन में जोश भर दिया। आयोजन के दौरान जज की कुर्सी पर विवेक मिश्रा, संजीव वर्मा, तृप्त राज सिंह धंजल, दीपक सराठे, दिनेश शर्मा, नीरज शुक्ला मौजूद थे। आयोजन में गुरुवार को सेमीफाइनल व विसर्जन के दिन 9 सितंबर को फाइनल होगा। समिति के गुरप्रीत सिंह,सुशांत सिंह, मयंक सिंह, विवेक तिवारी, प्रतीक पासवान, ललित सोनी, विकास साहू, अनुराग सिंह, राहुल भारती, त्रिशांत सिंह, पवन चौधरी ,रविंद्र ,अभिषेक ठाकुर ,मनीष सिंह, निखत चौधरी सहित अन्य सदस्य पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाने सक्रिय रहे।

चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बैजनाथ राम कुछ दिन पूर्व अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पत्नी का इलाज कराने बाइक से आया था। अस्पताल परिसर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ली गई थी। बैजनाथ राम घटना की रिपोर्ट मणिपुर चौकी में दर्ज कराया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी थी। मुखबिर से मणिपुर चौकी प्रभारी एसआई सरफराज फिरदोसी को जानकारी मिली की ग्राम रघुनाथपुर निवासी प्रकाश बड़ा अपने पास एक चोरी की बाइक रखा है। जिसे बेचने के लिए ग्राहंक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अस्पताल परिसर से बाइक चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

सहायक माइनिंग अधिकारी के शासकीय आवास पर आईटी का छापा

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ व खरसिया सहित अन्य राज्यों में भी कारोबारियों के यहां आईटी का छापा मारा गया था। इसी क्रम में गुरुवार को अंबिकापुर के डिगमा स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर के सरकारी बंगले में छापा मारा गया। यहां ऑफिसर के घर से टीम द्वारा दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। आईटी की रेड से प्रदेशभर के बड़े कारोबारियों में हडक़ंप मचा हुआ है। आयकर विभाग की टीम 8 सितंबर की सुबह अंबिकापुर के डिगमा स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में पहुंची। यहां असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर बजरंग पैकरा के बंगले में उन्होंने छापा मारा।

इस दौरान सीआरपीएफ की टीम भी मौजूद रही। सुबह 5 बजे शुरु हुई आईटी की कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर के बंगले से आईटी की टीम ने कई दस्तावेज जब्त किए हैं जिनकी जांच की जा रही है। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि वहां से क्या-क्या जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर बजरंग सिंह पैकरा सरगुजा में काफी दिनों से पदस्थ थे। ट्रांसफर 1 दिन पूर्व ही जगदलपुर किया गया था। ट्रांसफर के बाद जगदलपुर जाने की तैयारी में थे ही कि अचानक गुरुवार की सुबह आईटी की टीम ने दबिश दी है। सूत्रों के अनुसार आईटी की टीम द्वारा सूरजपुर जिले मैं भी दबिश दी गई है। सूरजपुर जिले के माइनिंग अधिकारी संदीप नायक शासकीय क्वार्टर की जांच के बाद पूछताछ के लिए आईटी की टीम ने अंबिकापुर लाई है। अंबिकापुर में खनिज सहायक अधिकारी बजरंगी पैकरा वह सूरजपुर खनिज अधिकारी संदीप नायक से एक साथ पूछताछ किए जाने की बात कही जा रही है।

खेत में मिला अधेड़ महिला का शव जांच में जुटी पुलिस

-संवाददाता-

लखनपुर ,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कटिंदा छुही टिकरापारा का है जहां 8 सितंबर दिन गुरुवार की सुबह अधेड़ महिला के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची लखनपुर पुलिस के द्वारा मामले की छानबीन में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम कटिंदा छुहि टिकरापारा निवासी 55 वर्षीय अधेड़ महिला धनियारो पति धनु जो 7 सितंबर से घर से बिन बताए लापता थी। मंगलवार की सुबह खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों ने धनियारो के शव को देखा जिसके बाद इसकी सूचना महिला के परिजनों व ग्राम सरपंच को दी गई ग्राम सरपंच ने घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया है तो वहीं लखनपुर पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

140 स्कूलों में चलाया गया नेत्रदान जागरूकता अभियान

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में नेत्रदान पखवाड़ा के उपलक्ष्य में नेत्रदान पखवाड़ा के नोडल अधिकारी डॉ. रजत टोप्पो द्वारा आयोजित किया गया। 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा में जिला सरगुजा के 140 स्कूलों में नेत्रदान जागरूकता रैली और स्कूली बच्चों को नेत्र परीक्षण भी किया गया। एव 144 बच्चों को नेत्र जांच कर चश्मा भी वितरण किया गया, साथ ही स्कुलो में नेत्रदान विषय पर निबंध भाषण रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता भी कराया गया चिन्हाकित मोतियाबिंद से पीड़ित 70 मरीजों का सफल ऑपरेशन भी किया गया और 30 लोगो के द्वारा नेत्रदान करने की घोषणा पत्र भी भरा गया, जिला सरगुजा से वर्ष 2020-21 मे 04 नेत्रदान प्राप्त भी हुआ।इस कार्यक्रम के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. लखन सिंह नेत्रदान करने की घोषणा की एव उपस्थित लोगो को भी नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया और नेत्रदान महादान पर प्रकाश डालते हुए लोगो को यह भी बताया कि नेत्रदान करना कितना जरूरी है ताकि किसी जरुरतमंद को आपकी आंखे काम आ सके, इस बीच मुख्य रूप से कार्यक्रम में अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आर एन गुप्ता, डॉ. जे के रेलवानी, नेत्रविभाग के चिकित्सक , अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक अधिकारी, कर्मचारी एमबीबीएस एव नर्सिंग के छात्र, छात्रा सभी उपस्थित थे।

Seminar
NATIONAL EYE DONATION
CME

कोरवा महिला की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य अमला

शिविर लगाकर 24 पहाड़ी कोरवाओ का किया स्वास्थ्य परीक्षण

-मनोज कुमार-

लखनपुर ,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के वनांचल ग्राम बेलदगी के आश्रित ग्राम आमापानी में उल्टी दस्त बुखार से पीड़ति कोरवा जनजाति महिला को एंबुलेंस 108 की सुविधा उपलब्ध नहीं होने तथा इलाज के अभाव में मौत हो गया। मामले में लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एस मारको ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य टीम के साथ 8 सितंबर दिन गुरुवार को आश्रित ग्राम आमां पानी पहुंचकर स्वास्थ शिविर लगाकर विशेष आरक्षित कोरवा जनजाति 24 परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सर्दी जुकाम के मरीज पाए जिनको निशुल्क दवा का वितरण करते हुए खानपान के संबंध में उचित परामर्श खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पीएस मारको के द्वारा कोरवा जनजाति के लोगों को दिया गया । तथा घर घर जाकर कोरवा जनजाति परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण कर ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि एंबुलेंस 108 व 112 वाहन की सुविधा नहीं मिलने पर गंभीर मरीजों को निजी वाहन के माध्यम से उपचार के लिए निकटतम अस्पताल में ले जाएं।वाहन का खर्च मितानिन व पंच के द्वारा भुगतान किया जाएगा। इस दौरान बिईटीओ श्रीमती सी नागवंशी, बीपीएम साधना लकड़ा, ऋ विनोद भार्गव, वकील खान सहित स्वास्थ्य टीम सक्रिय रहे।

सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी के बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

एसीबी की टीम ने घूस की रकम लेते हुए सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 के बाबू को गिरफ्तार किया है। बाबू द्वारा एक निजी विद्यालय के मान्यता नवीनीकरण के बदले स्कूल संचालक से घूस की मांग की गई थी। प्रार्थी रफी अंसारी पिता स्व. अमीन अंसारी उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 नमदगिरी रोड, सूरजपुर द्वारा एसीबी इकाई अम्बिकापुर में आकर यह शिकायत की गई थी कि प्रार्थी गुरुकुल विद्यापीठ प्राशामाशा के नाम से ग्राम- साल्ही तहसील - रामानुजनगर जिला सूरजपुर में विद्यालय का संचालक है। उसके द्वारा गुरुकुल विद्यापीठ विद्यालय का संचालन वर्ष 2020 से निरंतर किया जा रहा है। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सूरजपुर के निर्देशानुसार विद्यालय के पंजियन का नवीनीकरण अनिवार्य रूप से किये जाने का निर्देश प्राप्त है। गुरूकुल विद्यापीठ के वर्ष 2021-22 के मान्यता के नवीनीकरण हेतु उसके द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय सूरजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जो वर्तमान में लंबित है। उक्त संबंध में वह अपने विद्यालय की मान्यता का नवीनीकरण प्रदाय करने हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सूरजपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 जुगेश्वर प्रसाद जो कि शालाओं के मान्यता के नवीनीकरण का कार्य संपादन करते हैं से मिला, तब उनके द्वारा कहा गया कि एक वर्ष की मान्यता के लिये 10 हजार रूपये लगेगे यदि 3 वर्ष की मान्याता चाहिये तो 15 हजार रूपये देना पडेगा। प्रार्थी जुगेश्वर प्रसाद, सहायक ग्रेड-2 को रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि उसे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडवाना चाहता था। प्रार्थी के शिकायत का सत्यापन किया गया जिसमे आरोपी जुगेश्वर प्रसाद के द्वारा 15 हजार रूपये लेने की सहमति दी गई शिकायत पर 8 सितंबर को ट्रैप आयोजित कर आरोपी जुगेश्वर प्रसाद को प्रार्थी रफी अंसारी से 15000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा- 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधन अधिनियम 2018 के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने नगर में निकाली साक्षरता रैली

-संवाददाता-

लखनपुर ,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 8 सितंबर दिन गुरुवार को लखनपुर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सीबीएससी अंग्रेजी माध्यम स्कूल लखनपुर के विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा लखनपुर नगर के विभिन्न मार्गो में साक्षरता रैली निकाली गई। साक्षरता रैली में विद्यार्थियों ने साक्षर भारत, विकसित भारत, सब पढ़े ड्डसब बढ़े, पढ़ेंगे पढ़ाएंगे साक्षर समाज बनाएंगे का हाथों में तख्ता लेकर नारों के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य संजय वर्मा प्रधानाध्यापक स्वर्ण कुमार, दीपेंद्र सिंह ,बलविंदर कौर , गुनीत सिंह, भगवती सिंह, सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम के प्रधान पाठक स्वर्ण कुमार टोप्पो , संगीता रावत सहित अन्य शिक्षक रैली में शामिल थे। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को मनाया जाता है वर्तमान समय में शिक्षा बहुत जरूरी है शिक्षा हमारे जीवन का आवश्यक अंग है एक व्यक्ति के शिक्षित होना उसके स्वयं का विकास है वही एक बालिका शिक्षित होकर पूरे घर को संवार सकती है जब देश का हर नागरिक साक्षर होगा तभी देश की तरक्की हो सकेगी।

भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ,निर्माण कार्यों का किया गया भूमि पूजन

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।

भारत जोड़ो यात्रा का सरगुजा में शुभारंभ गुरुवार को हुआ। यात्रा के पहले दिन ग्राम पंचायत खैरबार एवं नगर निगम के चन्द्र शेखर आजाद वार्ड में पदयात्रा कर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार की नाकामियों से अवगत कराया। लोगो की समस्याएं सुनी,समस्याओ का यथा सम्भव निराकरण किया। खैरबार के गड़ाघाट से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता की अगुवाई में प्रारंभ यात्रा बदुल्ला पारा, मछिन्दर पारा,करोंदा झरिया, अमहिया पारा,लौंगा पानी,सियोनपुर होते हुए खुदी पारा में समाप्त हुई। कांग्रेस अध्यक्ष और प्रगतिशील कृषक राकेश गुप्ता ने बरसात की कमी से जूझ रहे किसानों को धान की जगह वैकल्पिक फसल लेने की सलाह दी। उन्होंने किसानों के साथ खेत मे जाकर टमाटर की फसल में लगने वाले रोग का निदान और बेहतर फसल लेने का उपाय बताया। ग्रामीणों ने अस्पताल के सामने पुराने चौपाल मंच की मरम्मत की मांग पर तत्काल भूमि पूजन करा निर्माण कार्य शुरू कराया गया यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने सड़क नाली जैसी मांगे भी रखी। यात्रा का दूसरा चरण दोपहर बाद शुरू हुआ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद, महापौर डॉ अजय तिर्की, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, महामंत्री द्वीतेंद्र मिश्रा,ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा बंटी के नेतृत्व में नवापारा वार्ड नम्बर 16 की पार्षद श्रीमती गीता प्रजापति के निवास से शुरू होकर नवापारा, पटेल पारा,फुंदुर डिहारी होकर वार्ड क्रमांक 8 को कवर करते हुए वापस राजीव भवन में समाप्त हुई। दो पालियों में करीब 18 किलोमीटर की पद यात्रा के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और उन्हें केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और खस्ताहाल अर्थव्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया । वरिष्ठ पदयात्री अरुण मिश्रा को अखण्ड पदयात्री के सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रत्येक दिन एक एक पदयात्री का सम्मान किया जाएगा। आज की पदयात्रा , मो इस्लाम खान, अरविंद सिंह गप्पू, राम विनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, सय्यद अख्तर हुसैन, आशीष वर्मा,अनूप मेहता, रजनीश सिंह, कलीम अंसारी, पापिन्दर सिंह, चुनमुन तिवारी, प्रमोद चौधरी, शैलेन्द्र सोनी, संध्या रवानी, मधु दीक्षित, मदन जायसवाल, संजय सिंह, लवकेश पासवान, शुभम जयसवाल, निक्की खान, नरेंद्र बाबरा, वीरेंद्र सिन्हा, नीतीश चौरासिया, विकास शर्मा, अविनाश कुमार, आनंदी तिग्गा, निखिल विश्वकर्मा, शकीला,पंकज शुक्ला सहित अन्य शामिल थे।

नहीं बदल सका थानेदार का थाना,अब नए जिले के पुलिस अधीक्षक से होगी बदलने की उम्मीद

» अपने जिले के थानेदार में गिनती होगी चहेते थानेदारों की

» अविभाजित कोरिया के पुलिस अधीक्षक नाकाम रहे दो पुलिस थानों के थाना प्रभारी को बदलने में

» अंतिम तबादला सूची से भी थाना प्रभारी रहे बाहर,अब तो सिर्फ मुख्यमंत्री से उम्मीद।

» सोशल मीडिया में भी मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की होने लगी किरकिरी, फिर भी सत्ता की मेहरबानी से बने रहेंगे थानेदार। » कोरिया के कई एसपी बदल गए पर नहीं बदल पाए तो उन थानों के थानेदार जहां पर उनकी चलती है हुकूमत।



Tweets Tweets & replies Media Likes

RAVI KUMAR @RAVIKU575272... · 5h

@ChhattisgarhCMO @bhupeshbaghel @ipskabra @CG_Police @koriyapoliceCG @aajtak @ABPNews @AmitShahOffice @ArvindKejriwal @BJP4India @NewIndianXpress @IBC24News @IPStrilokbansal

जिला कोरिया के पुलिसकर्मियों से नये जिले में नहीं भेजने के नाम पर 50 हजार की वसुली की जा रही है, संज्ञान

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर 08 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया जिले के कुछ थाना प्रभारियों पर मेहरबानी अंत तक बरसती रही है, आखिर किसकी मेहरबानी पर शिकायतों के बावजूद लोगों को प्रताड़ित करने के बावजूद दो पुलिस थानों में थानेदार पद पर लगातार बने हुए हैं, दो थानेदार, वह भी बतौर उप निरीक्षक निरीक्षकों की उपस्थिति भी उन थानेदारों की थानेदारी को नहीं छीन पाई, दो एक ही बैच के उप निरीक्षक जो निरीक्षक के सूची में शामिल है जो अभी निरीक्षक बने नहीं है और बनने की प्रबल संभावना है क्योंकि अंतिम सूची में इनका नाम शामिल कर लिया गया है, जो कभी भी निरीक्षक बन सकते हैं एक कोरिया जिले में रहेंगे तो दूसरे नवीन जिला एमसीबी में अपनी थानेदारी करेंगे, अब ऐसे में सवाल यह है कि दोनों उप निरीक्षक काफी लंबे समय तक एक ही थाने में थानेदारी कर चुके हैं, इनके एक ही थाने में रहते हुए इनके पुलिस कप्तान कई बदल गए पर नहीं बदले तो इन थानों के थाना प्रभारी और ना बदलने की इनकी संभावना भी प्रबल है क्योंकि कहा जाता है कि इनकी पहुंच सीएम हाउस तक है और तरह तरह के कई अफवाहें इनके द्वारा फैलाई गई जो पूरे जिले में चर्चा का विषय है, इस समय तो इनकी शिकायतों को लेकर भी तमाम अधिकारी इनसे परिचित है, इसके बावजूद इन्हें हटा पाने में वर्तमान कोरिया पुलिस अधीक्षक भी नाकाम रहे, जिसके पीछे क्या प्रभाव है इसका तो पता नहीं पर नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक भी अविभाजित कोरिया की एक नहीं 3-4 सूचियां तबादले के निकाल लिए पर उन सूची में भी इनका नाम शामिल ना रहा अंतिम सूची में तो एक नहीं तीन बार फेरबदल होने की बात कही गई और यह फेरबदल एक ही दिन में तीन बार क्यों हुई यह भी एक बड़ा सवाल है?

एक आरक्षक ने तो बहुत बड़ा आरोप भी तबादले सूची को लेकर लगा दिया गया, क्योंकि वह जिस जिला के निवासी हैं उस जिला से उसे स्थानांतरित कर नवीन जिले में भेजा जा रहा है जिसे लेकर उसने सोशल मीडिया में अपनी नाराजगी जताई और कई तरह के आरोप भी लगा दिया है, अब फिर से अधिकारी उससे खफा रहेंगे पर आखिर इनके बातों पर गौर किया जाए तो कहीं न कहीं इनके बातें भी सही हैं आखिर नवीन जिला पर उनका स्थानांतरण करना कहां तक उचित है इसका तो पता नहीं। क्योंकि पुलिस विभाग से जारी आदेश जो जारी हुआ था उसमें नवीन जिले में स्वेक्षा से जाने का जिक्र था और यदि शिकायत करने वाले आरक्षक की बात मानी जाए तो ऐसा न जोकर जबरन नवीन जिले में जाने मजबूर किया जा रहा है।

मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर सोशल मीडिया पर भी डाली जा रही पोस्ट

यदि मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने के दो सालों से थानेदारी कर रहे उपनिरिक्षक की बात की जाए तो आजकल उनकी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर सोशल मीडिया पर भी पोस्ट डाले जा रहें हैं,कुछ पोस्ट मनेंद्रगढ़ थाना अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर डाले जा रहें हैं जिसमें थानेदार पर आरोप लगाए जा रहें हैं,ऐसे में सवाल उठता है की आम लोगों की सोशल मीडिया पोस्ट देखकर ही सही आखिर क्यों पुलिस अधीक्षक ऐसे थाना प्रभारियों पर कार्यवाही नहीं करते हैं और उनका तबादला नहीं करते हैं जबकि उनका कार्यकाल भी दो सालों से ज्यादा का हो चुका है।

पुलिस थाना पटना क्षेत्र में भी अवैध कारोबार पर दो सालों से नहीं लगा सके थानेदार अंकुश

जिले के पटना पुलिस थाना अंतर्गत भी दो सालों से अवैध कारोबारों पर अंकुश लगा पाने में थानेदार सफल नहीं हो सके, क्षेत्र में जबसे वर्तमान थानेदार के रूप में उप निरीक्षक की पोस्टिंग हुई है तबसे क्षेत्र में जारी अवैध कारोबार और अधिक फल फूल रहा है और थानेदार द्वारा आम शिकायत करने वालों के साथ भी मुँहदेखी की जाती है। लगातार समाचारों में भी पुलिस थाना पटना के थानेदार की कार्यप्रणाली को लेकर समाचार छपने के बावजूद उन्हें भी तबादला सूची से बाहर रखा गया जो एक बड़ा प्रश्न है।

संयुक्त कोरिया जिला बंटा दो भागों में फिर भी नहीं बदले जा सके तो पुलिस थानों के थानेदार

संयुक्त कोरिया जिला दो भागों में बंट गया फिर भी संयुक्त जिले के दो पुलिस थानों के थानेदार नहीं बदले जा सके,कई पुलिस अधीक्षक इस बीच जिले में आते रहे जाते रहे लेकिन दो थानेदार अंगद की पैर की तरह डटे हुए हैं, आखिर किसकी इनपर मेहरबानी बनी हुई है यह तो पता नहीं लेकिन माने तो इनकी पकड़ ऊंची है।

एकबार फिर मुख्यमंत्री से हो सकती है इनकी शिकायत

माना जा रहा है कि जिला मुख्यालय के उद्घाटन पर मनेंद्रगढ़ आ रहे मुख्यमंत्री के समक्ष दोनों थानेदारों की शिकायत हो सकती है। दोनों की ही कार्यप्रणाली को लेकर नाराज लोग मुख्यमंत्री से मिलकर इनकी शिकायत कर इन्हें हटाने की मांग कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज करेंगे मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का शुभारंभ

» कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का होगा उद्घाटन

» नवगठित जिले में मुख्यमंत्री 200 करोड़ 73 लाख रूपए के 15 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर 08 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राज्य के 32 वें जिले मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला कोरिया जिले से अलग होकर अस्तित्व में आ रहा है । मुख्यमंत्री द्वारा नवीन कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा अन्य विभाग के कार्यालयों का उद्घाटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के 200 करोड़ 73 लाख 23 हजार रूपए के 15 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे।जिसमें 187 करोड़ 04 लाख 66 हजार के 09 कार्यों का भूमिपूजन तथा 13 करोड़ 68 लाख 57 हजार के 06 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।इस दौरान विभिन्न विभागों से सम्बंधित योजनाओं के हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण भी किया जाएगा।

भूमिपूजन के प्रमुख कार्य

विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत के घुटरा समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 29 सम्मिलित ग्राम तथा वर्ष 2023 के प्रस्तावित 4517 घरेलू नल कनेक्शन हेतु लागत राशि 4184.46 लाख रुपए, खरलाधार समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 30 सम्मिलित ग्राम तथा वर्ष 2023 के प्रस्तावित 4042 घरेलू नल कनेक्शन हेतु लागत राशि 3402.06 लाख रुपए, लाई समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 20 सम्मिलित ग्राम तथा वर्ष 2023 के प्रस्तावित 4288 घरेलू नल कनेक्शन हेतु लागत राशि 3795.07 लाख रुपए, चैनपुर समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 25 सम्मिलित ग्राम तथा वर्ष 2023 के प्रस्तावित 6271 घरेलू नल कनेक्शन हेतु लागत राशि 5221.81 लाख रुपए, चनवारीडांड एकल ग्राम जनप्रदाय योजना हेतु 216.76 लाख रुपए, पूंजी से छिरहाटोला मार्ग पुल-पुलिया सहित निर्माण 2 किलोमीटर लम्बाई हेतु 599.91 लाख रुपए, नवीन विद्युत उपकेन्द्र माड़ीसरई हेतु 438.95 लाख रुपए लागत राशि का भूमिपूजन किया जाएगा। वहीं विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ में 4 किलोमीटर लम्बाई की मुख्य सड़क कमलडांड होकर चौघड़ा मार्ग निर्माण हेतु 559.92 लाख रुपए लागत राशि, नवीन विद्युत उपकेन्द्र छोटेकलुवा हेतु 285.72 लाख रुपए लागत राशि का भूमिपूजन किया जाएगा।

लोकार्पण के प्रमुख कार्य

विकासखण्ड भरतपुर-सोनहत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाड़ाखोह के सिंघोर व्यपवर्तन योजना के शेष कार्य निर्माण हेतु 492.84 लाख रुपए लागत राशि, ग्राम पंचायत खेतौली शैलापटपर व्यपवर्तन योजना के शेष कार्य निर्माण हेतु 324.60 लाख रुपए लागत राशि, ग्राम पंचायत तरतोरा जलाशय योजना के बांध एवं नहर जीर्णोद्धार हेतु 132.55 लाख रुपए लागत राशि, ग्राम पंचायत बरौता जलाशय योजना के बांध एवं नहर जीर्णोद्धार हेतु 119.33 लाख रुपए लागत राशि के कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। वहीं विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के जिला जेल मनेन्द्रगढ़ में 03 नग बंदी बैरक्स एवं बंदी शौचालय निर्माण कार्य हेतु 179.25 लाख रुपए लागत राशि तथा नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ क्षेत्रांतर्गत एन. एच. 43 मेन रोड में सिंह पेट्रोल पंप से चंदन होटल तक स्ट्रीट लाईट कार्य हेतु 120 लाख रुपए लागत राशि के कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

प्रीतेश कुमार पटेल ने नीट परीक्षा में आल इंडिया लेबल में 4158 रैंक लेकर किया नगर का नाम रौशन

PRITESH KUMAR PATEL
15-04-2022

-संवाददाता-

वाड्रफनगर 08 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में स्थित पटेल किताब घर के संचालक श्रवण पटेल ने अपने बिद्यार्थी जीवन में से ही बहुत कठोर परिश्रम करके अपने पसीने के कमाई से स्वयं का घर बनाए । कहा जाता है न की परिश्रम करने वालो को फल जरूर मिलता है बस इसी क्रम में इनका अपने काम के प्रति मनोबल बढ़ते गया उसके परिणाम से नगरपंचायत वाड्रफनगर के बनारस मार्ग पर बने दुकान लिए जहाँ खुद एक पटेल किताब घर फर्म के नाम से दुकान खोलकर अपने परिवार को चलाते है । वही उनके दो पुत्रो का पढ़ाई भी इसी दुकान के खर्चा से संचालन हुआ ।

प्रीतेश ने अपने पिता के परिश्रम को देखकर उनके सम्मान में बचपन से से ही हर पढ़ाई में ध्यान से पढ़कर हर क्लास में अव्वल स्थान लाता रहा है । सन् 2020 में डीएवी एमपीएस स्कुल प्रेमनगर में सीबीएसई पाठयक्रम से अध्यनरत छात्र रहा है जिसने कक्षा 12वीं में बलरामपुर जिले में पहला स्थान लाकर अपने माता - पिता सहित पुरे परिवार एवं स्कुल और नगर का नाम रौशन कर चूका है ।

उसके बाद से प्रीतेश पटेल अपने घर में रहकर नीट का तैयरी कर रहा था । कुछ दिन बाद नीट का आल लाइन पी.डब्ल्यू. से तैयारी घर बैठे तैयारी कर नीट के परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल करते हुए आल इण्डिया लेबल पर 4158 रैंक हासिल करके पुनः अपने माता पिता एवं नगर का नाम किया रोशन ।

पिता श्रवण पटेल ने कहा मुझे अपने दोनों बेटो पर गर्व है , मेरा मेहनत अब सफल हो रहा है ।

युवती के भाई की चाकू मारकर हत्या

-संवाददाता-

कोरबा 08 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के बांकी मोंगरा थाना अंतर्गत गजरा कुदरी पारा मोहल्ला में रहने वाले समीर नागे पिता दिलीप नागे ने किशोरवय कुलदीप पिता झगरू राम को बुधवार देर शाम हुए विवाद में चाकू मार दिया। बताया जा रहा है कि कुलदीप की बहन से उसकी सहेली का भाई समीर नागे अक्सर फोन पर बात किया करता था। इस बात से कुलदीप को ऐतराज था। बुधवार देर शाम को कुलदीप की बहन अपनी सहेली नागे के घर गयी थी, जिसे लेने के लिए कुलदीप उसके घर पहुंचा था। यहीं पर समीर से भेंट हो गई तो कुलदीप ने फोन वाली बात कर फोन नहीं करने के लिए कहा। इसी पर बात बढ़ गई जो हाथापाई तक जा पहुंच गई ढ्ढ बाहर शोर सुनकर समीर के परिजन और कुलदीप की बहन घर से निकले। कुलदीप व समीर में मारपीट के दौरान समीर की मां ने भी कुलदीप को मारा-पीटा। बहन बीच-बचाव करने आई तो वह भी चोटिल हो गई। इसी दौरान समीर ने चाकू निकालकर कुलदीप के सीने पर वार कर दिया। चाकू लगते ही कुलदीप गिर पड़ा और समीर के परिजन सहम उठे। तब तक मोहल्ले के लोग भी इकठ्ठा हो चुके थे। आनन-फानन में कुलदीप को बांकीमोंगरा स्थित अस्पताल ले जाया गया जहां परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है ।

रेत का अवैध परिवहन नहीं रोका गया तो एक सप्ताह मे होगा अनिश्चितकालीन रेत परिवहन वाहन रोको आंदोलन

जनपद अधयक्ष व सरपंचों ने दी चेतावनी पोड़ी मोड़ चौक पर रोका जाएगा रेत से भरे वाहनों को

-संवाददाता-

प्रतापपुर 08 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जनपद अधयक्ष व सरपंचों ने अवैध रूप से किए जा रहे रेत परिवहन को रोकने व प्रतापपुर-वाड्रफनगर मार्ग में बने गड्ढे भरने को लेकर अनुविभागिय अधिकारी राजस्व दिपिका नेताम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सूरजपर जिला पांचवी अनुसूची क्षेत्र में आता है यहां भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 (1) व पंचायत उपबंध अधिनियम 1996 पेसा कानून के होते हुए भी लंबे समय से बनारस मार्ग से होते हुए दूसरे प्रदेशों को अवैध रूप से रेत परिवहन की जा रही है पर अनगिनत शिकायतों व ज्ञापन देने के बाद भी संबंधित विभागों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं रेत से भरे ओवरलोड वाहनों के कारण प्रतापपुर से वाड्रफनगर लेकर भैयाथान तक का मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है पर गड्ढों को भरने के लिए भी संबंधित विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जबकि प्रशासन को इसकी भली-भांति जानकारी है कि रेत से भरे ओवरलोड वाहनों द्वारा बनाए गए गड्ढों के कारण आए दिन वाहन सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। मगर फिर भी शासन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि ज्ञापन देने के पांच दिवस के भीतर अवैध रूप से किए जा रहे रेत के परिवहन को पूर्णतः बंद नहीं किया अवैध रूप से भंडार किए गए बालु की जांच किया जाए फर्जी फिट पास जारी करने वाले की भी जांच की जाए गया व प्रतापपुर वाड्रफनगर-भैयाथान मार्ग के गड्ढों को नहीं भरा गया तो पोडी मोड चौक पर जनपद अधयक्ष कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री व समस्त सरपंचों के बैनर तले एक सप्ताह बाद से रेत से भरे वाहनों को तब तक रोका जाएगा जब तक क्षेत्र में हो रहे इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह से विराम नहीं लगा दिया जाता।

एनएच के प्रभावितों को मुआवजा देने की कवायद शुरू

-संवाददाता-

कोरबा 08 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।कलेक्टर संजीव झा ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए भू-अधिग्रहित प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए विशेष पहल की है। उन्होने भू-अधिग्रहित प्रभावितों को मुआवजा वितरण के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिये। शिविर के माध्यम से प्रभावितों के मुआवजा वितरण में आ रही कठिनाईयों को दूर कर सभी प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देश पश्चात् अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम भू अर्जन अधिकारी कोरबा द्वारा गांववार शिविर का रोस्टर जारी किया गया है। यह शिविर जिले के 13 गांवों में 8 से 24 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में भारत माला परियोजना अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 ए बिलासपुर-उरगा खण्ड के तहत तहसील कोरबा, करतला एवं कटघोरा के प्रभावित नागरिकों के मुआवजा वितरण में आ रही दिक्कतों को दूर किया जाएगा। शिविर में प्रभावितों से आवश्यक दस्तावेज जमा लिये जायेंगे। शिविर में हल्का पटवारी, एनएचएआई के अधिकारी सहित मुआवजा वितरण से संबंधित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे। एसडीएम कोरबा ने बताया कि मुआवजा वितरण के लिए शिविर का आयोजन 8 सितम्बर को ग्राम चीतापाली में, 9 को बगबुड़ा, 10 को भैसमा, 13 को मसान, 14 को सेमापाली, 15 को अखरापाली, 16 जुनवानी, 17 को तरदा, 20 को कथरीमाल, 21 को गुनिया, 22 चैनपुर, 23 को बिरदा एवं 24 सितम्बर को ग्राम उरगा में किया जाएगा। शिविर में शामिल होने वाले भू प्रभावितों को गांववार कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर सूचित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है ,मुआवजा वितरण में विलंब को लेकर रामपुर विधायक व पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर हमेशा मुखर रहे, उन्होंने कई मौकों पर शासन प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए मुआवजा वितरण में लेटलतीफी पर अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। यहां तक की उन्होंने हाल ही में शीघ्र मुआवजा वितरण नहीं होने पर जनहित में पुनः आंदोलन तक की चेतावनी दी थी,जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया, अब जाकर प्रभावितों को मुआवजा मिलेगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)
सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पार्वतीपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगदीश यादव आ0 श्री उदई जाति अहिर, निवासी ग्राम पार्वतीपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम पार्वतीपुर तहसील सूरजपुर प.ह.न.-34,रा.नि.म.-पिलखा तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा नंबर 330/2, रकबा 1.200, हे0 में से 0.020 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है ।अतएव उक्त संबंध में ग्राम पार्वतीपुर के किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/09/2022 को न्यायालयीन में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)
सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम बसदेई को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रूपलाल सिंह पिता स्व0 दासाराम जाति गोंड़ निवासी ग्राम बसदेई तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम बसदेई तहसील सूरजपुर प.ह.न.-01,रा.नि.म.-बसदेई तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा नंबर 3584/2, 3603/1 रकबा 0.1500, 0.2100 हे0 में से 0.32 एवं 0.48हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है ।अतएव उक्त संबंध में ग्राम बसदेई के किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 12/09/2022 को न्यायालयीन में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजू पाण्डेय पत्नी जनार्दन पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम/नगर दर्रीपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणिपुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 62/9 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए ऋण पुस्तिका की प्रति बी-1,खसरा, नक्शा, सेटलमेंट भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 23/09/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी(रा)
अम्बिकापुर

बाइडेन प्रशासन ने ट्रंप के फैसले को पलटा

पाकिस्तान को 45 करोड़ डॉलर के एफ-16 बेड़े के रखरखाव कार्यक्रम को मंजूरी दी

वाशिंगटन [यूएस], 8 सितंबर 2022। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पाकिस्तान को 450 मिलियन अमरीकी डालर की अनुमानित लागत के लिए एफ -16 केस फॉर सस्टेनमेंट और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी दी, रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने बुधवार को कहा। पाकिस्तान को

पहली बड़ी सुरक्षा सहायता में , बिडेन प्रशासन ने पिछ्ली सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को उलट दिया। 2018 में, डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान को सभी रक्षा और सुरक्षा सहायता बंद कर दी, यह आरोप लगाते हुए कि इस्लामाबाद आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई में भागीदार नहीं था। ÷ विदेश विभाग ने संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का दृढ़ संकल्प किया है÷

450 मिलियन अमरीकी डालर की अनुमानित लागत के लिए एफ-16 केस फॉर सस्टेनमेंट और संबंधित उपकरणों की पाकिस्तान सरकार को। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में कहा, ÷रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने आज इस संभावित बिक्री के बारे में कांग्रेस को सूचित करने के लिए आवश्यक प्रमाणीकरण दिया। ÷ डीएससीए ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने पूर्व एफ -16 निरंतरता और समर्थन मामलों को मजबूत करने का अनुरोध किया है। डुप्लिकेट केस गतिविधियों को कम करके और अतिरिक्त निरंतर समर्थन तत्वों को जोड़कर पाकिस्तान वायु सेना के स्न-16 बेड़े का समर्थन करने के लिए।

रक्षा सहायता में शामिल होंगे - एफ-16 विमान संरचनात्मक अखंडता कार्यक्रम में भागीदारी; इलेक्ट्रॉनिक लड़ाकू अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सहायता कार्यक्रम, इंजन घटक सुधार कार्यक्रम; और अन्य तकनीकी समन्वय समूह; विमान और इंजन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर संशोधन और समर्थन; विमान और इंजन स्पेयर मरम्मत/वापसी भागों; सहायक उपकरण और समर्थन उपकरण और वर्गीकृत और अवर्गीकृत सॉफ़्टवेयर और सॉफ़्टवेयर समर्थन।

हालांकि, अमेरिकी रक्षा एजेंसी ने यह कहना जारी रखा कि प्रस्तावित बिक्री में कोई नई क्षमता, हथियार या युद्ध सामग्री शामिल नहीं है। एजेंसी ने कहा, ÷यह प्रस्तावित बिक्री पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी प्रयासों और भविष्य के आकस्मिक अभियानों की तैयारी में अमेरिका और साझेदार बलों के साथ अंतर-संचालन बनाए रखने की अनुमति देकर संयुक्त राज्य की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी।÷

÷प्रस्तावित बिक्री पाकिस्तान के एफ -16 बेड़े की निरंतरता को जारी रखेगी, जो अपनी मजबूत हवा से जमीन की क्षमता के माध्यम से आतंकवाद विरोधी अभियानों का समर्थन करने की पाकिस्तान की क्षमता में काफी सुधार करती है। पाकिस्तान को इन लेखों और सेवाओं को अपने सशस्त्र बलों में अवशोषित करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।÷ यह जोड़ा।

डीएससीए ने यह भी कहा कि इस उपकरण और समर्थन की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा।

MYLES SANDERSON

कनाडा में छुरा घोंपने वाले मुख्य संदिग्ध की मौत

ओटावा ,08 सितंबर 2022। कनाडा में चाकू मार कर 10 लोगों की हत्या किये जाने के मामले में मुख्य संदिग्ध की गिरफ्तारी के बाद मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि हमले की घटना के दोनों संदिग्ध अब मर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 120 से अधिक गवाहों के बयान लिये जा चुके हैं। पुलिस ने मीडिया से कहा कि हो सकता है कि हमले का मकसद कभी पता ही नहीं चले।

पुलिस ने मामले की ज्यादा जानकारी न देते हुये कहा कि माइल्स सैंडरसन की गिरफ्तारी के बाद चिकित्सा जटिलताओं के कारण उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तारी से पहले मृतक संदिग्ध के घायल होने के संकेत मिले थे।

जब उन्हें वार्को के पास देखा गया, प्रारंभिक स्थानीय रिपोर्टों में ऐसा संकेत मिला था कि उसे चोट लगी हो सकती है। हमलों के बाद वेल्डन में एक वाहन को तोड़ दिया गया था और ऐसा प्रतीत होता है कि उसने प्राथमिक चिकित्सा किट चुरा ली होगी।

पुलिस ने मामले के घटनाक्रम के तुरंत बाद एक प्रेस वार्ता की लेकिन इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि हत्याओं में मदद करने के आरोपी के भाई डेमियन की इस सप्ताह की शुरुआत में कैसे मृत्यु हो गई। उसका शव सोमवार को मिला था और पुलिस का कहना है कि उन्हें संदेह है कि उसके भाई ने उसे मार डाला होगा। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और इसमे आगे और खुलासा किया जाएगा।

क्वेटा ग्रेनेड हमले में सात घायल

क्वेटा, 8 सितंबर 2022। स्थानीय मीडिया, क्वेटा के खुरम-ए-डैड चौक पर एक चौराहे पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने बुधवार रात ग्रेनेड फेंका, जिसमें एक महिला और एक नाबालिग लड़की सहित कम से कम सात लोग घायल हो गए। की सूचना दी।

पुलिस के अनुसार, कुछ मोटरसाइकिल चालकों ने सफीर मस्जिद के पास चौराहे पर एक हथगोला फेंका, जिसमें सात लोग घायल हो गए और उनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और अन्य कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंचे और घायलों को एक नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, इस बीच, हमलावर हमले के बाद इलाके से भाग गए।

पुलिस अधिकारियों ने कहा, ÷हम जांच कर रहे हैं कि हमले का निशाना कौन था।÷ डॉन के मुताबिक, कलां के इमामबाड़ की सुरक्षा के लिए खुरम-ए-दादा चौक पर फ्रंटियर कोर की एक जांच चौकी भी स्थित है।

पाकिस्तान में हाल के दिनों में अराजकता की कई घटनाएं देखी जा रही हैं। देश आर्थिक मंदी और बड़े हिस्से में बाढ़ सहित कई मोर्चों पर संकट का सामना कर रहा है। इसे कंपाउंड करना हिंसा की नियमित घटना है।

इससे पहले, सोमवार को, एक अज्ञात व्यक्ति के बाद एक पाकिस्तानी कांस्टेबल की मौत हो गई थी, जिसे अधिकारियों ने %आतंकवादी% करार दिया था, जिसने चारसड्डा के खानमई पुलिस स्टेशन पर एक हथगोला फेंका था।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात आतंकवादियों ने थाने पर ग्रेनेड फेंका, जिसमें कांस्टेबल मीर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे जिला मुख्यालय अस्पताल, चारसड्डा ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। डॉन के मुताबिक पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

इसी तरह की एक घटना 28 अगस्त को हुई थी जब पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ग्रेनेड हमले में कम से कम दो लोग घायल हो गए थे। डॉन ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमला खुजदार के खंड लिंक रोड पर हुआ जहां अज्ञात हमलावरों ने एक कार पर हथगोला फेंका, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने कहा, ÷यह एक ग्रेनेड हमला था जो कार के पास फट गया।÷ उन्होंने कहा कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



दक्षिण कोरिया में 72 हजार 646 कोरोना के नये मामले सामने आये

सियोल ,08 सितंबर 2022। दक्षिण कोरिया में कोरोना के 72हजार 646 नए मामले सामने आए हैं इन्हें मिलाकर संक्रमितों की कुल संख्या 2,38,64,560 हो गई है

कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार दैनिक कोरोना मामले पिछ्ले दिन 85,540 और एक सप्ताह पहले 81,555 तुलना में कम है। पिछले एक हफ्ते में पुष्टि किए गए मामलों की दैनिक औसत संख्या 76,711 थी। नए मामलों में बाहर से आये लोगों की संख्या 229 है जो कुल मिलाकर 61,071 हो गए।

संक्रमितों में गंभीर हालत के मरीजो की संख्या 493 है। चौंसठ और मौतों की पुष्टि के बाद इससे मरने वालों की संख्या 27,313 हो गई। यहां कुल मृत्यु दर 0.11 प्रतिशत है।

भारत, जापान पर स्वतंत्र,खुला और समृद्ध हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी:टोक्यो में जयशंकर

टोक्यो , 8 सितंबर 2022। भारत और जापान के पास एक स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध इंडो-पैसिफिक सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है और इसे क्वाड फ्रेमवर्क में सहयोग सहित कई नीतियों और तंत्रों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आसियान प्लेटफार्मों का उपयोग और आरईसीएपी, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल जैसे निकायों में भागीदारी ।

उन्होंने आगे कहा, ÷साथ में, हम इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव, इंडो-पैसिफिक पार्टनरशिप फॉर मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क सहित अन्य को भी आगे ले जाने के लिए तैयार हैं।÷ जयशंकर ने यह बयान टोक्यो में भारत-जापान 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक की अपनी समापन टिप्पणी में दिया ।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और जापान नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानदंडों का सम्मान सुनिश्चित करने और वैश्विक आमों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद लचीला और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला बनाने की आवश्यकता है।

जयशंकर ने कहा, ÷संघर्षों और जलवायु की घटनाओं ने वैश्विक आर्थिक स्थिति को और बढ़ा दिया है, जिससे ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के संबंध में गहरी चिंताएं पैदा हो रही हैं। विश्वास और पारदर्शिता एक डिजीटल दुनिया में हमारी साझा चिंताएं हैं।÷

समापन टिप्पणी में, जयशंकर ने कहा कि वे साइबर सुरक्षा, 5जी परिनियोजन और महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों पर एक साथ काम कर रहे हैं, जो आज उनके विचार-विमर्श के एजेंडे का हिस्सा थे।

÷हमारे हितों और दृष्टिकोण में पर्याप्त अभिसरण के वास्तविक लाभों को महसूस करने के लिए हमारी विदेश नीति समन्वय को मजबूत करना आवश्यक है। वे स्पष्ट रूप से इंडो-पैसिफिक पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन कई अन्य क्षेत्रीय, वैश्विक और बहुपक्षीय प्लेटफार्मों तक भी विस्तारित होते हैं। विचारों का आदान-प्रदान आज अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने जो महत्वपूर्ण परिस्थितियां हैं, वे विशेष रूप से उपयोगी थीं,÷ जयशंकर ने कहा।

उन्होंने कहा, ÷हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी हितों को दर्शाती है और हमारे पदचिह्न को बढ़ाती है जो तत्काल क्षेत्र से काफी आगे तक फैली हुई है। अपने संबंधों को बढ़ाने और अन्य भागीदारों के साथ काम करने में, हम दोनों साझा मूल्यों और सामान्य सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होते हैं।÷

जयशंकर ने अपने जापानी समकक्ष मंत्री योशिमासा हयाशी के उस बयान को याद करते हुए कहा कि जी-20 में भारत की अध्यक्षता जापान की अध्यक्षता के साथ होगी, जयशंकर ने कहा कि सुधारित बहुपक्षवाद के लिए साझा प्रतिबद्धता जी -4 परामर्शों में परिलक्षित होती है जो उनके पास नियमित रूप से होती है। महीने में बाद में आयोजित किया जाएगा। विकास सहायता के सक्रिय प्रदाताओं के रूप में, भारत और जापान तीसरे देशों, विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया और अफ्रीका में सहयोग करने के लाभों को देखते हैं। जयशंकर ने 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक में व्यापक और खुली बातचीत के लिए अपने जापानी समकक्ष योशिमासा हयाशी और रक्षा मंत्री यासुकाजु हमदा को धन्यवाद दिया।

मैनचेस्टर में सिख पुजारी पर हमले के बाद व्यक्ति गिरफ्तार

मैनचेस्टर [यूके], 8 सितंबर 2022। ब्रिटेन के मैनचेस्टर में एक सिख पुजारी पर पिछ्ले महीने हुए हमले के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 62 वर्षीय पीड़िता को मस्तिष्क की गंभीर चोट लगी थी, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है। मैनचेस्टर सिटी सेंटर

में एक सिख पुजारी पर हमले के सिलसिले में धारा 20 हमले के संदेह में बुधवार को 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । ÷जनता से सहायता की अपील के बाद, मैनचेस्टर सिटी सेंटर में एक सिख पुजारी पर हमले के संबंध में धारा 20 हमले के संदेह में, एक 28 वर्षीय व्यक्ति को आज (7 सितंबर 2022) पहले गिरफ्तार किया गया था ,÷ मैनचेस्टर इवनिंग समाचार ने 7 सितंबर को जारी पुलिस बयान के हवाले से बताया कि पिछ्ले हफ्ते पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जारी किया था

सिख पुजारी पर हमले का मामला पीड़ित परिवार ने कहा कि उस व्यक्ति को ÷ जीवन बदलने वाली चोटें ÷ लगी थीं। पुलिस ने पहले एक बयान में कहा था, गुरुवार 23 जून 2022 को शाम 6.30 बजे से ठीक पहले, अधिकारियों को उत्तर पश्चिम एम्बुलेंस सेवा द्वारा तिब स्ट्रीट पर सड़क पर बेहोश पाए गए एक व्यक्ति की रिपोर्ट के लिए बुलाया गया था।

सीसीटीवी जांच से पता चला कि हिल्टन स्ट्रीट जंक्शन के पास एक अज्ञात पुरुष ने पीड़िता के साथ मारपीट की थी। इसके बाद अपराधी ओल्डहैम स्ट्रीट की ओर बाएं मुड़कर पैदल ही मौके से फरार हो गया। पीड़ित को अस्पताल ले जाने से पहले सड़क के बीच में बेहोश छोड़ दिया गया था, जहां वह तब से पड़ा हुआ है।

लॉन्गसाइट सीआईडी ??के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर मार्क एस्टबरी ने कहा- ÷हमने परिवार की अनुमति से सीसीटीवी फुटेज जारी करने का फैसला किया , बस इस हमले की गंभीरता और नासमझी दिखाने के लिए और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता क्यों है कि अपराधी को ढूंढा जाए और उसका सामना किया जाए। उसके भयानक कार्यों के परिणाम÷।

ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ-द्वितीय के डॉक्टर उनके स्वास्थ्य के लिए 'चिंतित' हैं

लंदन [यूके], सितंबर 8 2022। बकिंघम पैलेस ने कहा कि डॉक्टरों द्वारा उनके स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करने के बाद महारानी एलिजाबेथ द्वितीय बाल्मोरल में चिकित्सकीय देखरेख में हैं।

बकिंघम पैलेस के आधिकारिक बयान में कहा गया है, ÷आज सुबह आगे के मूल्यांकन के बाद, महारानी के डॉक्टर महामहिम के स्वास्थ्य के लिए चिंतित हैं और उन्होंने उन्हें चिकित्सकीय देखरेख में रहने की सलाह दी है।÷ बयान में कहा गया, ÷रानी सहज और बालमोरल में रहती हैं।÷ यूनाइटेड किंगडम के नए प्रधान मंत्री, लिज़ ट्रस ने कहा कि पूरा देश ÷इस लंच के समय बकिंघम पैलेस की खबर से गहराई से चिंतित होगा।÷

यूके के पीएम ने ट्विटर पर कहा, ÷इस लंच के समय बकिंघम पैलेस की खबर से पूरा देश गहराई से चिंतित होगा। मेरे विचार - और हमारे यूनाइटेड किंगडम के लोगों के विचार - इस समय महारानी और उनके परिवार के साथ हैं। ।÷

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, डॉक्टरों द्वारा उन्हें आराम करने की सलाह दिए जाने के बाद रानी ने बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक स्थगित करने के बाद घोषणा की।

लिज़ ट्रस के यूके के नए प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त होने के एक दिन बाद, रानी, को अपनी प्रिवी काउंसिल की एक आभासी बैठक में भाग लेने के लिए निर्धारित किया गया था। प्रिवी काउंसिल वरिष्ठ राजनेताओं से बनी एक संस्था है जो रानी के आधिकारिक सलाहकारों के रूप में कार्य करती है। बुधवार को सभा के दौरान, ट्रस ने शपथ ली होगी और नए कैबिनेट मंत्रियों को उनकी भूमिका की शपथ दिलाई जाएगी।

पैलेस के एक प्रवक्ता ने कहा, ÷कल पूरे दिन के बाद, महामहिम ने आज दोपहर डॉक्टरों की आराम करने की सलाह स्वीकार कर ली है। इसका मतलब है कि आज शाम होने वाली प्रिवी काउंसिल की बैठक को फिर से व्यवस्थित किया जाएगा।÷

सीएनएन ने एक शाही स्रोत का हवाला देते हुए बताया कि बैठक आभासी थी और रानी अस्पताल नहीं गई थी। महारानी अपने स्कॉटिश देश के निवास बाल्मोरल कैसल में रहती

हैं , जहां उन्होंने मंगलवार को ट्रस और उनके पूर्ववर्ती बोरिस जॉनसन का स्वागत किया। शाही परिवार ने ट्वीट किया, ÷रानी ने आज बाल्मोरल कैसल में लिज़ ट्रस का स्वागत किया। महामहिम ने उन्हें एक नया प्रशासन बनाने के लिए कहा। सुश्री ट्रस ने महामहिम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और उन्हें प्रधान मंत्री और ट्रेजरी का पहला लॉर्ड नियुक्त किया गया।

कनाडा में मंकीपॉक्स के 1 हजार 317 मामलों की पुष्टि

ओटावा ,08 सितंबर 2022। कनाडा की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी (पीएचएसी) ने देश में अस्पतालों में भर्ती 35 रोगियों सहित मंकीपॉक्स के 1 हजार 317 मामलों की पुष्टि की है।

स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि बुधवार तक पुष्टि किए गए मामलों में से 631 मामले ओंटारियो से, 505 क्यूबेक से, 139 ब्रिटिश कोलंबिया से, 34 अल्बर्टा से, तीन सस्केचेवान से, दो युकोन से और एक-एक नोवा स्कोटिया, मैनिटोबा और न्यू ब्रंसविक से हैं।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे नेपाल से भारतीय सेना के दिग्गजों से मिले;संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका की सराहना करता है

काठमांडू , सितंबर 8 2022। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को काठमांडू में भारतीय दूतावास का दौरा किया और नेपाल के रक्षा विंग अधिकारियों और भारतीय सेना के दिग्गजों के साथ बातचीत की और संबंधों को मजबूत करने में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। दो राष्ट्र।

जनरल पांडे ने नेपाल के प्रधान मंत्री शेर बहादुर देउबा से भी शिष्टाचार भेंट की और उन्हें काठमांडू में अपनी व्यस्तताओं के बारे में जानकारी दी। काठमांडू में भारतीय दूतावास ने ट्विटर पर लिखा, ÷ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने नेपाल के माननीय प्रधान मंत्री श्री शेर बहादुर देउबा ञस्द्धद्गह्लक्चड्डद्धड्ड से शिष्टाचार भेंट की।÷

जनरल पांडे के साथ राजदूत नवीन श्रीवास्तव और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी थे। उन्होंने नेपाल सरकार द्वारा प्रदान किए गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया।

दोनों पक्षों ने चर्चा के दौरान भारत और नेपाल के बीच व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा, भारतीय सेना प्रमुख ने पुष्टि की कि वह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

इससे पहले जनरल पांडे ने शिवपुरी में नेपाल आर्मी कमांड एंड स्टाफ कॉलेज का दौरा किया था और वहां के छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित किया था।

जनरल पांडे ने 5 सितंबर को काठमांडू के टुंडीखेल में सेना मंडप में बीर स्मारक (शहीद स्मारक) पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद उन्होंने नेपाल सेना मुख्यालय का दौरा किया जहां उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उनके समकक्ष जनरल प्रभु राम शर्मा के साथ एक बैठक हुई, जिसके दौरान दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने लंबे समय से सेना से सेना के संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। नेपाल सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उन्हें विस्तृत जानकारी दी।

भारत सरकार की ओर से, भारतीय सेना प्रमुख ने हल्के वाहनों के साथ नेपाल सेना को प्रशिक्षण उपकरण भेंट किए जो नेपाल सेना के जवानों की क्षमताओं को बढ़ाएंगे।

नेपाल सेना के सेनाध्यक्ष जनरल प्रभु राम शर्मा के निमंत्रण पर जनरल पांडे नेपाल की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए 4 सितंबर को काठमांडू पहुंचे।

क्या नपा उपाध्यक्ष अपनी पत्थर खदान में करा रहे अवैध ब्लास्टिंग

क्या खदान में पड़ी है बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का स्टाक?

» क्या नए कलेक्टर कार्यालय से महज कुछ मीटर दूर नियम विरुद्ध तरीके से हो रहा है पत्थर खनन,क्रेशर का हो रहा अवैध संचालन?

» पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों ने उत्पादन बंद करने एवं बिजली काटने के दिए निर्देश, फिर भी नेताजी बड़ी दबंगई से चला रहे हैं क्रेसर.कैसे?

» सत्तापार्टी के नेता होने के कारण जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे?

» क्या सत्ताधारी पार्टी के नेता होने कि वजह से सारे नियम कानून शिथिल हो गए?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 08 सितम्बर 2022
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ नगरपालिका के उपाध्यक्ष की रंगदारी सत्ता में उनके पहुंचने के बाद बड़ी चरम पर है, कांग्रेस सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्य होने के नाते शासन प्रशासन को अपनी कठपुतली समझने वाले नेताजी के सामने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खनिज विभाग, छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग, सभी शासकीय महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों ने इनके सामने घुटने टेक हुए हैं, सूत्रों की मामने तो नेताजी गिट्टी क्रेशर के संचालक हैं, जिनके कई क्रेशर और खदान हस्तिनापुर में स्थित हैं, जहां एक तरफ मनेंद्रगढ़ शहर नए जिले के उद्घाटन के जश्न में व्यस्त है वही नए कलेक्टर कार्यालय से महज 800 मीटर दूर नेताजी अपनी गिट्टी खदान में बड़े धड़ल्ले से प्रतिदिन 100 से 120 अवैध ब्लास्टिंग कर रहे हैं, मिली जानकारी के अनुसार इनके पास विस्फोटक का कोई वैध लाइसेंस नहीं है।

क्या ब्लास्टिंग कि आवाज प्रशासन के कानों तक नहीं पहुंचती?

बड़ा सवाल यहां उत्पन्न होता है कि इतनी बड़ी मात्रा में ब्लास्टिंग में उपयोग होने वाले अमोनियम नाइट्रेट, ईडी कैप्सूल बत्ती सहित अन्य अतिसंवेदनशील सामग्री इन्हे कहां से प्राप्त होती हैं, इनके पास कोई मैगजीन नहीं है यह मनेंद्रगढ़ शहर में रहते हैं, यदि यदि विस्फोटक सामाग्री शहर में रखते हैं तो शहर भी सुरक्षित नहीं है अंबिकापुर संभाग में हमेशा नक्सलियों की गतिविधियां सुनने को मिलती रही है, कोरिया जिले में भी नक्सलियों की सुगबुगाहट हमेशा देखी गई है ऐसी स्थिति में पर्याप्त मात्रा में नेताजी के पास विस्फोटक का होना अथवा लगातार ब्लास्टिंग कि आवाज सुनने के बाद प्रशासन के द्वारा कार्यवाही नहीं किया जाना पुलिस प्रशासन कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है, सीएम साहब का आगमन हो रहा है, जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था की कमान पुलिस प्रशासन को सौंप रखी है अवैध ब्लास्टिंग बंद कराने में नाकाम नेताजी पर कारवाही कार्यवाही करने में असफल पुलिस प्रशासन कि इस खोखली सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहे है।



प्रति

संचालक

भौमिक एवं खनिकर्म छत्तीसगढ़

इंद्रावती भवन नया रायपुर (छ०ग०)

विषय – श्रीमति राधिका तिवारी, पत्नी श्री कृष्ण मुरारी तिवारी द्वारा स्वीकृत खनिज क्षेत्र के अलावा अधिक मात्रा में अवैध उत्खनन परिवहन व शर्तों का उल्लंघन करने बाबत्।

संदर्भ – जिला कोरिया के ग्राम हस्तिनापुर ग्राम पंचायत पिपरिया तहसील मनेन्द्रगढ़ में स्थित शासकीय भूमि ख.न. 299 ,रकबा 0.83 हे. क्षेत्र में पत्थर केशर उत्खनन पटटा के संदर्भ में

महोदय

निवेदन है कि श्रीमति राधिका तिवारी, पत्नी श्री कृष्ण मुरारी तिवारी को जिला कोरिया के ग्राम हस्तिनापुर ग्राम पंचायत पिपरिया तहसील मनेन्द्रगढ़ मे स्थित शासकीय भूमि ख.न. 299 ,रकबा 0.83 हे. क्षेत्र में पत्थर क्रेशर उत्खनन पटटा स्वीकृत है।

महोदय उक्त पट्टेदार द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से उत्खनन कार्य किया जा रहा है, एवं शासन को राजस्व कि हानि पहुचाई जा रही है, जो कि निम्नानुसार है।

1 पट्टेदार द्वारा क्षेत्र के अलावा पास के शासकीय भूमि पर अवैध ब्लास्टिंग करा कर अवैध उत्खनन कराया जाता है, जबकि अवैध ब्लास्टिंग कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है, पट्टेदार के केशर पर ब्लास्टिंग होल मे उपयोग किया जाने वाला कम्प्रेशर एवं बारुद एवं ब्लास्टिंग सामग्री जांच कर प्राप्त की जा सकती है।

2 पट्टेदार द्वारा अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है इसका प्रमाण खनिज इंस्पेक्टर द्वारा बनाए गए निरिक्षण प्रतिवेदन मे दर्ज है।

3 पटटेदार द्वारा अवैध खनिज का परिवहन किया जाता है, जिसका ब्योरा उनके केशर के बिजली बिल का मिलान काटी गयी रायल्टी से करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

4 पटटेदार द्वारा पास के शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जाता है, जिसकी विडियो फुटेज पत्र के साथ संलग्न है।

5 मौके जांच पर खदान एवं क्रेशर क्षेत्र में रखे गए खनिज का गिलान दस्तावेज अनुसार नहीं है।

6 CSR मद में प्रतिवर्ष 50000 रुपये व्यय करने थे जो कि आज दिनांक तक नही किया गया है, जबकि खदान पिछले 10 वर्षो से स्वीकृत है।



खदान निरीक्षण प्रतिवेदन (उत्खनिपट्टा)

पट्टेदार/ठेकेदार/अनुज्ञाधारी/अनुज्ञापत्रधारी का नाम तथा पता श्रीमती राधिका तिवारी, [illegible]
कोरिया (छ.ग.)

2. खदान का विवरण [illegible] दिनांक 05.07.2016
(अ) नाम श्रीमती राधिका तिवारी, ग्राम हस्तिनापुर
(ब) खनिज पत्थर (स) अवधि 13.12.2012 से 12.12.17

3. स्थल पर उपस्थित मैनेजर/एजेन्ट का नाम (यदि खदान बंद हो तो जिस व्यक्ति के साथ निरीक्षण किया गया हो या जिससे जानकारी प्राप्त की हो का नाम) :- श्री कृष्ण मुरारी तिवारी, [illegible]

4. क्षेत्र किसी अन्य को उप-पट्टे पर तो नहीं दिया गया है? नहीं

5. (ए) स्वीकृत पट्टा क्षेत्र में सीमा दर्शाने वाले सीमा चिन्ह सुरक्षित रूप से लगे हैं या नहीं? लगा है
(बी) स्वीकृत पट्टा क्षेत्र में खदान का विवरण दर्शाने वाली पट्टिका/बोर्ड लगी है या नहीं? लगा है
(सी) खनन कार्य स्वीकृत क्षेत्र के भीतर किया जा रहा था बाहर स्वीकृत क्षेत्र में [illegible]

6. स्थल पर उपस्थित मजदूरों की संख्या (1) कम वाले —— (2) मथेरे ——

7. उत्पादन क्षमता प्रति समूह/प्रतिदिन

8. स्वीकृत क्षेत्र में मौके पर निम्न अभिलेख उपलब्ध है या नहीं –
(1) उत्पादन तथा बिक्री पंजी
(2) मजदूरों की उपस्थिति पंजी
(3) अभिवहन पारपत्र

9. क्या अभिलेख संतोषजनक ढंग से रखे जा रहे हैं? हां

10. निरीक्षण दिनांक तक खनिज उत्पादन की मात्रा? जनवरी 16 से उत्पादन बंद है

11. निरीक्षण दिनांक तक खदान से बाहर भेजे गए या उपयोग किए गए खनिज मात्रा लगभग 1430 [illegible]

12. यदि खदान बंद है तो कब से तथा किन कारणों से [illegible]

13. अभिलेख में दर्शाए अनुसार खनिज मौके पर उपलब्ध है या नहीं? हां, है

14. वर्तमान सत्र में कार्य आरंभ की तिथि

15. पूर्व में खनिज स्टॉक विक्रय हेतु 23.10.21 अनुपयोगी

जन सूचना अधिकारी
जिला कार्यालय (खनिज शाखा)
जिला- कोरिया (छ.ग.)
सत्य प्रतिलिपि



कलेक्टर कोरिया (छ.ग.) 14 JAN 2022

360
13/1/22

क्षेत्रीय कार्यालय
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल
[illegible] परिसर रोड, शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के पास, नमनाकला गंगापुर, अंबिकापुर (छ.ग.)

क्रमांक /क्षे.का./छ.ग.प.सं.म./2021 अंबिकापुर, दिनांक /12/2021

प्रति
श्री कृष्ण मुरारी तिवारी,
मेसर्स जय अम्बे स्टोन क्रशर,
(हस्तिनापुर स्टोन माईन)
ग्राम- हस्तिनापुर, तह.- मनेन्द्रगढ़
प.ह.न. 11, खसरा-15, रकबा 2.0 हेक्टे.
जिला-कोरिया (छ.ग.)

विषय:- जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 33 'क' एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 'क' के तहत् निर्देश।

संदर्भ:-
1. मण्डल मुख्यालय, रायपुर का पत्र क्रमांक 5970 दिनांक 29/01/2018
2. मण्डल मुख्यालय, रायपुर का पत्र क्रमांक 6267 दिनांक 07/02/2018
3. मण्डल मुख्यालय, रायपुर का पत्र क्रमांक 7007 दिनांक 09/03/2018
4. मण्डल मुख्यालय, रायपुर का पत्र क्रमांक 7472 दिनांक 24/03/2018
5. मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के तहत जारी जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 19/12/2019

1. यह कि, आपके द्वारा मेसर्स जय अम्बे स्टोन क्रशर, (हस्तिनापुर स्टोन माईन), ग्राम-हस्तिनापुर, तह.- मनेन्द्रगढ़, जिला-कोरिया में खदान जो कि लाल श्रेणी अन्तर्गत है, का बिना पर्यावरणीय प्रावधानों के संचालित की जा रही है।
2. यह कि आपके उक्त खदान को इस कार्यालय द्वारा जारी जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण की वैधता दिनांक 23.11.2021 को समाप्त हो चुकी है।
3. यह कि, मंडल मुख्यालय के संदर्भित पत्रों द्वारा वैध सम्मति/सम्मति नवीनीकरण के बिना संचालित उद्योगों/खदानों से उत्पादन/भण्डारण संबंधी गतिविधियां बंद किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है।
4. यह कि, आपके द्वारा छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत खदान का बिना वैध सम्मति/सम्मति नवीनीकरण प्राप्त किये खदान का संचालन किया जा रहा है।
5. यह कि, इस कार्यालय के संदर्भित पत्र द्वारा जल एवं वायु अधिनियमों के तहत सम्मति/सम्मति नवीनीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया था। साथ ही बिना वैध सम्मति/सम्मति नवीनीकरण प्राप्त किये उद्योग से उत्पादन नही लिये जाने बावत निर्देश दिये गये थे।
6. यह कि आपके द्वारा जल एवं वायु अधिनियमों के तहत सम्मति नवीनीकरण हेतु न ही आवेदन/पूर्ण जानकारी सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया और न ही उत्पादन/भण्डारण बंद किया गया।
7. यह कि, आपके द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है।

क्रमशः......./2

Scanned by CamScanner
Scanned by CamScanner

शिकायत के बाद भी जिम्मेदार विभाग अवैध ब्लास्टिंग बंद नहीं कराई

विदित हो कि मनेंद्रगढ़ निवासी ठेकेदार गौरव गुप्ता ने इस संदर्भ में पुलिस के आला अधिकारियों को अपना शिकायती पत्र प्रेषित करते हुए लिखा है कि नगरपालिका उपाध्यक्ष के द्वारा अपने गिट्टी खदान से जो महज नेशनल हाईवे से कुछ मीटर दूर है, लगातार पिछले कई वर्षों से अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है जिसकी शिकायत उन्होंने लिखित तौर पर जिम्मेदार विभागों को की है लेकिन अभी तक अवैध ब्लास्टिंग बंद नहीं कराई गई है और बड़े धड़ल्ले से विस्फोटक का इस्तेमाल किया जा रहा है,खदान के समीप काफी मात्रा में ग्रामीणों का निवास है, एनजीटी के नियमों के मुताबिक नेशनल हाईवे से खदान लगभग 500 मीटर दूर होना चाहिए लेकिन महज 40 मीटर दूरी पर खदान संचालित है कई बार हैवी ब्लास्टिंग के कारण ग्राम वासियों ने आंदोलन भी किया था, लेकिन दबंग नेता जी के दबंगई के कारण ग्रामवासी इनके खिलाफ आवाज उठाने से डर रहे हैं, यदि उठाते भी हैं तो उन्हें डरा धमकाकर शांत करा दिया जाता है बेचारे मजबूरन मौत के साए में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं, इनकी मनसा भी सीएम साहब से मिलकर इन के विरुद्ध शिकायत करने की है पिछले बार गए थे लेकिन उन्हें सीएम साहब से नहीं मिलने दिया गया मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे में कई वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं लेकिन थाने वगैरह में तगड़ी दखल होने के कारण उनके खिलाफ अभी तक कोई अपराधिक मामला पंजीबद्ध नहीं किया जा सका है कृष्ण मुरारी जिले में कई खदान और कई क्रेशर संचालित करते हैं, क्या सत्ता पक्ष में होने के बाद उन्हें नियम विरुद्ध कार्य करने के कांग्रेस पार्टी ने अधिकार दे दिए हैं या फिर बार-बार आवेदन होने के बाद भी उन पर कार्यवाही नहीं किए जाने के निर्देश शासन ने जिला अधिकारियों को दिए हैं गौरव गुप्ता ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें एक दिन मनेंद्रगढ़ थाने में बयान के लिए बुलाया गया था उन्होंने विधिवत अपने पत्र के मुताबिक आवश्यक दस्तावेज पुलिस प्रशासन को उपलब्ध करा दिए हैं किंतु अभी तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती है।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने पत्र लिख तत्काल खदान और क्रेशर का उत्पादन बंद करने व सील करने एवं बिजली काटने का दिया था निर्देश

क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल अंबिकापुर अपने पत्र क्रमांक 1513/ छ.प्र.स.म 2021/13.12.2021 को कोरिया कलेक्टर, खनिज अधिकारी कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से इनके खदान और क्रेशर का उत्पादन बंद करने व सील करने एवं बिजली काटने के निर्देश दिए गए थे, अपने पत्र में क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी ने क्रेशर संचालक कृष्ण मुरारी तिवारी को लिखा है कि आप छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के द्वारा जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 33 का एवं वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 130 का के तहत निहित शक्ति के अधीन आप को निर्देशित किया जाता है कि खदान को तत्काल प्रभाव से उत्पादन भंडारण बंद करें, खदान को जारी विद्युत सप्लाई एवं अन्य सुविधाएं संबंधित विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से बंद की जावेगी, उन्होने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आपके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो बिना अग्रिम सूचना के खदान बंद करवाने की कार्रवाई के साथ जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 41 एवं वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 37 एवं अन्य के तहत की गई कार्रवाई के लिए आप स्वयं उत्तरदाई होंगे.! इस पत्र को दिए गए लगभग विभाग को 1 वर्ष होने वाले हैं लेकिन अभी तक सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी का जलवे दार नेता होने के कारण जिला प्रशासन के सभी अधिकारी इन पर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं, यह श्रीमान दिन रात अपने सभी प्रश्नों को संचालित कर रहे हैं और ग्राम पंचायतों में सत्ता का धौंस बताकर बड़े महंगे दर पर गिट्टी का सप्लाई कर रहे हैं। जिले के खनिज अधिकारी ने भी अपने प्रतिवेदन में ब्लास्टिंग का लाइसेंस नहीं होने और ब्लास्टिंग किए जाने की बात लिखी है, खदानों से पत्थर उत्खनन के बाद पत्थर को क्रेसर तक परिवहन के लिए अभिमान पास की आवश्यकता होती है जिसमें खनिज इस्पेक्टर और खनिज अधिकारी अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हैं उसके उपरांत ही अभिवहन पास जारी किया जाता है।

सूचना के अधिकार से मिली थी जानकारी

सूचना के अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण मुरारी तिवारी बिना विस्फोटक लाइसेंस लिए हुए लगातार अपने खदान में विस्फोट कर रहे हैं चूंकि हस्तिनापुर की खदान ग्रेनाइट पत्थरों की सीम है जो किसी भी कीमत पर बिना ब्लास्टिंग किए हुए नहीं निकाली जा सकती, यदि कोई भी कृष्ण संचालक या कहता है कि वह बिना ब्लास्टिंग पत्थर निकलता है तो प्रशासन के आंख में धूल झोंक रहा है खदानों में इनके पास 40-50 मजदूर रेगुलर कार्य करते हैं जो खुद ही पत्थरों में कंप्रेसर मशीन के माध्यम से ड्रिल करते हैं और खुद ही इन विस्फोटकों का इस्तेमाल कर ब्लास्टिंग करते हैं जो कार्य बड़ा जोखिम भरा है कई बार यह मजदूर ब्लास्टिंग के शिकार भी हो जाते हैं जिन्हें बड़े दमदारी से छुपा लिया जाता है हस्तिनापुर आदि इलाकों में प्रतिदिन लगभग सभी खदानों को मिलाकर एक हजार ब्लास्टिंग की जाती हैं लेकिन इन अवैध ब्लास्टिंग ऊपर अभी तक जिला प्रशासन आंख बंद किए हुए हैं।

साढ़े तीन साल तक सार्वजनिक कार्यक्रम में पूर्व व वर्तमान विधायक एक साथ क्यों नहीं दिखते?

कोरिया जिले में पक्ष विपक्ष का एक साथ मंचासीन होना वर्तमान स्थिति में हो गया था प्रचलन से बाहर।

» सत्ता परिवर्तन से पहले ऐसा नहीं था कि हारे व जीते हुए विधायक सार्वजनिक मंचों पर आने से कतराते हो।

» पूर्व व वर्तमान विधायक सो 3 साल बाद दिखे किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में एक साथ।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 08 सितम्बर 2022
(घटती-घटना)।

जब छत्तीसगढ़ में 15 साल बाद सत्ता परिवर्तन हुआ तबसे ही कोरिया जिले में सत्ता परिवर्तन के साथ ही लोगों के हृदय में भी परिवर्तन देखने को मिल रहा है, इसका उदाहरण कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा में कुछ खास ही देखने को मिला, जब सत्ता से बाहर हुए विधायक और एक नए विधायक पूरे साढ़े 3 साल सार्वजनिक कार्यक्रमों में एक साथ आने से परहेज करते नजर आए इसमें सबसे ज्यादा परहेज नए नवेले विधायक का था, जहां सार्वजनिक कार्यक्रमों में पक्ष और विपक्ष के विधायक शिरकत किया करते थे, ऐसा चलन साढ़े 3 सालों में खत्म होता दिखा, वर्तमान विधायक जहां उपस्थित होती थी वहां पर पूर्व विधायक को नहीं बुलाया जाता था, जहां पूर्व विधायक की उपस्थिति होती थी वहां वर्तमान विधायक को नहीं बुलाया जाता था, ऐसा क्यों होता था यह तो अंदर खाने की बात है पर इसके पीछे जो बात आती थी वह यह थी कि दोनों एक दूसरे के आमने सामने होना नहीं चाहते थे, जिस वजह से आयोजक भी असमंजस की स्थिति में रहते थे जिससे एक अलग ही माहौल विधानसभा में नजर आता था।

काश जिला विभाजन के मुद्दे पर भी आते एक साथ नजर,तो शायद होता कुछ और मंजर।

लंबे अरसे बाद कोरिया जिले के दो कद्दावर शख्सियत जिनमें एक वर्तमान में सत्तासीन है, तथा दूसरे लंबे समय तक सत्ता के गलियारों में अपनी चमक बिखेर चुके हैं, एक कार्यक्रम के दौरान एक साथ नजर आए। नगर पालिका शिवपुर चरचा में कर्मा के उपलक्ष्य पर सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, इस कार्यक्रम में काफी लंबे समय बाद सत्ता पक्ष के विधायक व सत्ता से विहीन हुए विधायक एक साथ एक मंच पर देखे गए, जो का कौतूहल का विषय बना रहा, विगत विधानसभा चुनाव बीतने के काफी लंबे समय बाद बैकुंठपुर विधानसभा में यह दृश्य देखने को मिला, जब कांग्रेस और भाजपा के शीर्षस्थ नेता एक मंच पर शिरकत किए। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा में ऐसा पहली बार हुआ था, क्योंकि लगभग साढ़े 3 वर्षों के कार्यकाल में पक्ष और विपक्ष एक साथ मंचासीन नहीं होते थे। इसका कारण यह था कि कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपाइयों को और भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेसियों को मंचासीन होने का न्योता और अवसर नहीं देते थे। श्रेय लेने की होड़ और स्वयंभू होने की महत्वाकांक्षा ने दिलों में दूरियां भी बढ़ा दी थी। जिले की राजनीति में पक्ष और विपक्ष की सार्वजनिक मंचों पर सार्वजनिक हित की रक्षा के लिए एक साथ आवाज न उठा पाने के कारण जिले को भारी नुकसान भी हुआ।

साथ आने का यह मंजर यदि समय समय पर होता रहता तो आज स्थितियां कुछ और होती

विगत साढ़े तीन साल का कार्यकाल कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा से काफी कुछ छीन कर ले गया। क्योंकि दलगत राजनीति के कारण दूरियां और कटुता इतनी अधिक थी की सर्वजन हिताय वाले मुद्दों पर भी कभी एक मत नहीं बन पाया। जब कोरिया जिले से विभाजन कर नए जिले के अस्तित्व में आने की बात आई तो अन्याय पूर्ण विभाजन के खिलाफ जहां कांग्रेसियों और भाजपाइयों को एक मंच पर आकर जिले के अस्तित्व की लड़ाई लड़नी थी, वही आधे अधूरे आंदोलन और पक्ष को विपक्ष का तथा विपक्ष को पक्ष का साथ ना मिल पाने के कारण जिले की यह दुर्दशा हुई और आज कोरिया मातृ जिला होने के बाद भी अस्तित्वहीन नजर आ रहा है। तस्वीर में जो नजर आ रहा है यदि समय-समय पर ऐसे नजारे होते तो आज मंजर कुछ और होता।

राजनीति में विरोध ही केवल पक्ष विपक्ष का मुद्दा रह गया है

आज की राजनीति में पक्ष विपक्ष केवल एक दूसरे के मुद्दों का विरोध करने को ही केवल राजनीति मनाने लगे हैं,मुद्दा जन भावनाओं से जुड़ा भी हो तब भी पक्ष विपक्ष एक साथ नहीं आते और जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है। आज कोरिया जिले का जो हाल हुआ है वह केवल इसीलिए हो सका क्योंकि सत्ताधारी दल ने केवल जिले के विभाजन का विरोध इसलिए नहीं किया क्योंकि इसका विरोध विपक्ष की भाजपा कर रही थी और इसलिए सत्ताधारी दल के नेताओं ने विरोध को कुचलने के लिए ही ऊर्जा लगाई अपनी।

मनेंद्रगढ़ वासी एकजुट थे इसीलिए मिली सफलता

नवीन एमसीबी जिला केवल इसलिए गठित हो सका क्योंकि वहां के लोग एकजुट थे, क्या पक्ष क्या विपक्ष सभी जिले के मुद्दे पर कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिखे जिसका असर भी हुआ और मनेंद्रग को कोरिया से ज्यादा क्षेत्रफल मिला,कुल मिलाकर कोरिया जिले के नेताओं को कम से कम मनेंद्रग के नेताओं से सीख लेनी थी जिन्होंने कोरिया से उसका अस्तित्व केवल अपनी एकजुटता से छीन लिया।

रमन सिंह को जिला के उद्घाटन अवसर पर आमंत्रित करने

कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने ओएसडी को लिखा पत्र

मनेंद्रगढ़ जिले के गठन में बाधक रहे पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को जिले के उद्घाटन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करें जिला प्रशासनः सौरव मिश्रा

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 08 सितम्बर 2022
(घटती-घटना)।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष रमन सिंह को विशेष अतिथि के रुप में आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखकर प्रदेश की राजनिति में भूचाल ला दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने नवगठित जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विषेश कर्तव्यस्थ अधिकारी को पत्र लिखकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष रमन सिंह को नवगठित मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के उद्घाटन अवसर पर आमंत्रित करने की मांग की है साथ ही उन्होने पत्र में लिखा है कि 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहते हुए, कोरिया जिले को गोद लेकर विकलांग बनाने वाले, मनेंद्रगढ़ जिले के गठन में बाधक बनने वाले रमन सिंह को विशेष अतिथि के रुप में जिला प्रशासन आमंत्रित करें। ताकि रमन सिंह देख सकें कि किस तरह वो विकास में बाधक बनकर, मनेंद्रगढ़ जिले के गठन में रोड़ा बनकर, लाखों वक्तियों के 40 वर्षों के पुराने सपनों को मारने का काम कर रहे थे, वह सपना आज कांग्रेस की सरकार में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉ विनय जायसवाल के जुझारू पन एवं संघर्ष के दम पर पूरा हो गया है। साथ ही जिला प्रवक्ता ने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को विशेष

अतिथि बनकर आना चाहिए और देखना चाहिए कि आज लाखों आखों में खुशी के आशु है, जिस जिले के मांग को भाजपा सरकार ने सपने जैसा बना दिया था उसे भी हकीकत में बदल कर रख देने का माद्दा केवल कांग्रेस सरकार में है। मिश्रा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार में भाजपा के दोनो पूर्व विधायक जो जिले का ज शब्द भी कभी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के सामने नहीं बोल पाए, आज वो इस इस्तिथि में है कि ना तो वो जिले का विरोध कर पा रहे है ना ही समर्थन क्योंकि उनको पता है कि कांग्रेस सरकार ने जिला का गठन करके क्षेत्र को विकास के नई ऊंचाईयों तक जाने का जो मौका दिया है इससे नवगठित जिले में भाजपा का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा, इसलिए भाजपा पार्टी के नेता विपक्ष की कुछ अन्य छोटी मोटी पार्टियों के नेताओं के साथ मिलकर कभी जिला मुख्यालय के नाम पर कभी किसी अन्य मुद्दे पर लोगों को भड़काना चाहते है, शायद विपक्ष के नेता यह भूल गए है कि जनता अपने आंखों से देख रही है भाजपा की सरकार 15 सालों में जो नहीं कर पाई वह कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में कर दिया, इसलिए इस तरीके की राजनीतिक प्रोपेगेंडा से विपक्ष के नेताओं को कोई फायदा होने वाला नहीं है।

पीढ़ा में थाना सूरजपुर पुलिस ने लगाया जन चौपाल

चौपाल में पुलिस ने छत्तीसगढ़ शासन के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

-संवाददाता-
सूरजपुर 08 सितम्बर 2022
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जनता और पुलिस के बीच की दूरियों को कम करने, ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण मौके पर हो इसलिए गांव-गांव में पुलिस जन चौपाल का आयोजन करने एवं छत्तीसगढ़ शासन के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत करा लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी तारतम्य में गुरूवार को थाना सूरजपुर की पुलिस ने ग्राम पीढ़ा में पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया। ग्राम सरपंच की मौजूदगी पुलिस के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और स्वच्छ वातावरण में मौके पर ही शिकायतों का निराकरण किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने पुलिस से संवाद स्थापित

कर कानूनी प्रावधान के बारे में जानकारी हासिल किया। पुलिस के द्वारा ग्रामीणों को साइबर क्राईम एवं उससे बचाव, ऑनलाईन फ्राड, यातायात के नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने कहा। महिलाओं की सुरक्षा संबंधी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चौपाल में एएसआई रघुवंश सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, पौनी पसारी योजना, छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, प्राकृतिक आपदा क्षतिपूर्ति योजना के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से योजना से जुड़े लाभ के बारे में चर्चा किया। अवैध कारोबार व नशे के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अवैध कार्यो में लिप्त लोगों की सूचना देने की अपील किया। इस अवसर पर एएसआई रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक हरेन्द्र सिंह, इसित बेहरा सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

पेंशनर समाज की बैठक 10 को

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,08 सितम्बर 2022(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज जिला सरगुजा ईकाई की प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को आयोजित होने वाली बैठक इस सितंबर माह के दूसरे शनिवार दिनांक 10 सितंबर को सायं 4 बजे आहूत किया गया है। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा कर कार्रवाई सुनिश्चित की जावेगी। इस आशय की जानकारी विज्ञप्ति पेंशनर्स समाज जिला सरगुजा के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने जारी कर दी है।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दर्ज की बड़ी जीत,इस गेंदबाज ने आधी टीम को भेजा पवेलियन

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आज खेला गया। जिसमें इस मैच में कंगारू टीम ने 113 रनों से बड़ी जीत दर्ज कर सीरीज पर 2-0 से बढ़त बना ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम 9 विकेट पर 199 रन ही बना सकी।

एक छोटे लक्ष्य का बचाव करने उतरी कंगारू टीम के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज 20 रन तक नहीं बना सका और पूरी टीम केवल 82 रनों पर ही सिमट गई। एडम जंपा ने झटके पांच विकेट

ऑस्ट्रेलिया के शानदार स्पिन गेंदबाज एडम जंपा ने न्यूजीलैंड की आधी टीम को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। उन्होने कीवी टीम के कप्तान केन विलियम्सन को भी चलता किया। उन्होने 9 ओवर में 35 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए।

वहीं, तेज गेंदबाजी की बात करें तो सीन एबॉट ने कीवी टीम के बल्लेबाजों को खोसा परेशान किया। उन्होने अपने पांच ओवर में केवल एक रन दिया इसके अलावा दो बल्लेबाजों को भी चलता किया। आपको बता दें, कि सीन एबॉट इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के हिस्सा रह चुके हैं।

अबु धाबी में होगा पहला हीरो कप गोल्फ टूर्नामेंट

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। डीपी वर्ल्ड टूर ने हीरो कप की घोषणा की। टूर्नामेंट में एक नई टीम मैच खेलेगी, क्योंकि उनका उद्देश्य यूरोपीय खिलाड़ियों को प्रारूप में अनुभव देना है। इसका आयोजन 13 से 15 जनवरी, 2023 से अबु धाबी गोल्फ क्लब में होगा।



ब्रिटेन और आयरलैंड और कॉन्टिनेंटल यूरोप के खिलाड़ियों वाली दो दस-सदस्यीय टीमों का चयन टीम के दो कप्तानों द्वारा किया जाएगा, जो नियत समय में अपने टूर्नामेंट की अध्यक्षता करेंगे। डोनाल्ड अबू धाबी में दोनों टीमों के साथ काम करेंगे और तीन दिनों में मैचों पर कड़ी नजर रखेंगे, जिसमें प्रतियोगिता में चार गेंदों का एक सत्र और एकल मैचों का एक सत्र शामिल होगा, जिसमें सभी 20 मैच होंगे। प्रत्येक सत्र में खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा, जब मैं राइडर कप कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था, तो पहली चीजों में से एक यह था कि भविष्य के राइडर कप खिलाड़ियों, उप-कप्तानों और कप्तानों को खेलने और नेतृत्व का अनुभव देने के लिए एक टीम मैच खेलने की प्रतियोगिता को बहाल करना था।

अफगानिस्तान के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाने के बाद नसीम शाह ने कही ये बात

करांची , 08 सितम्बर 2022। पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाज नसीम खान ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो गगनचुम्बी छक्के जड़ने का श्रेय आत्मविश्वास और नेट पर अभ्यास सत्र को दिया। नसीम के लगातार दो छक्कों से पाकिस्तान ने सुपर चार के मुकाबले में अफगानिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

22 वर्षीय टूर्नामेंट में अपनी तेज गेंदबाजी से पहले ही प्रभावित कर चुका है लेकिन बुधवार को उसने बल्ले से भी कमाल दिखाते हुए न सिर्फ पाकिस्तान को एक विकेट की रोमांचक जीत दिलाई बल्कि चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को भी टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

÷मुझे छक्के मारने का विश्वास था÷- नसीम शाह

नसीम ने मैच के बाद कहा, ''जब मैं बल्लेबाजी करने गया तो मुझे छक्के मारने का विश्वास था। मैं छक्के मारने का अभ्यास करता हूँ और मुझे पता था कि वे यॉर्कर फेंकेंगे। क्योंकि उन्होंने क्षेत्ररक्षक अंदर खड़े किए हुए थे। मैंने बस कोशिश की और इसे अंजाम दिया। हमें विश्वास की जरूरत है कि हम बड़े शॉट खेल सकते हैं, हम नेट पर अभ्यास करते रहते हैं और मैंने अपना बल्ला भी बदल दिया, यह काम कर गया।

नसीम ने कहा, ''जब आप नौवां विकेट खो देते हैं तो कोई भी आपसे जीतने की उम्मीद नहीं करता लेकिन मुझे विश्वास था कि मैं कर सकता हूं। मैं बड़े शॉट खेलने का बहुत अभ्यास करता हूं। यह मेरे लिए एक यादगार मैच रहा। हर कोई भूल गया कि मैं एक गेंदबाज हूं।''

नसीम जब क्रीज पर उतरे तब पाकिस्तान को 10 गेंद में 20 रन चाहिए थे और दो विकेट बचे थे। इस 10वें नंबर के बल्लेबाज ने इससे पहले टी20 अंतरराष्टीय में सिर्फ एक गेंद खेली थी। जब आसिफ अली 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए तो टीम मुश्किल में घिर गई। पाकिस्तान को अंतिम ओवर में 11 रन चाहिए थे और नसीम ने लगातार दो छक्के जड़कर टीम को जीत दिला दी।

शारजाह में आया विराट कोहली का तूफान

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। विराट कोहली की ताबड़तोड़ शतक की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के सामने जीत के लिए 213 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दो विकेट खोकर 212 रन बना लिए हैं। भारत की तरफ से सबसे अधिक रन विराट कोहली ने बनाए। कोहली ने 61 गेंदों में नाबाद 122 रन बनाने का कारमाना किया।

भारत की जबरदस्त शुरुआत

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत जबरदस्त रही। केएल राहुल और विराट कोहली ने टीम को तेज और ठोस शुरुआत दिलाई। दोनों ही बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 119 रनों की साझेदारी की। विराट कोहली और केएल राहुल की इस पार्टनरशिप ने भारत को इस मुकाबले में काफी आगे लाकर खड़ा कर दिया।

विराट कोहली ने जड़ा शतक

लंबे समय से विराट कोहली के शतक का इंतजार कर रहे फैंस को इस मुकाबले के दौरान बड़ी खुशखबरी मिली। विराट कोहली ने महज 53 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। विराट कोहली के

शतक की बदौलत अफगानिस्तान की टीम के खिलाफ बड़ा स्कोर

बनाने में सफल रही। कोहली की बल्लेबाजी देख साथी खिलाड़ियों ने ड्रेसिंग रूम से तालियां बजाई।

केएल राहुल ने खेली कप्तानी पारी

रोहित शर्मा की गैर-मौजूदगी में टीम की कमान संभालने वाले केएल राहुल ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। एशिया कप में फ्लॉप रहे केएल राहुल ने अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़ने का काम किया। केएल राहुल ने 41 गेंदों में 62 रनों की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान उन्होंने 6 चौके और दो छक्के लगाए। सूर्यकुमार यादव इस मुकाबले में सिर्फ 6 रन ही बना सके।

जानें दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

भारत~ केएल राहुल (कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, दीपक चाहर, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह।

अफगानिस्तान~ हजरतुल्लाह जजई, रहमानुल्ला गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह ज़दरान, मोहम्मद नबी (कप्तान), करीम जनत, राशिद खान, अजमतुल्लाह ओमरजई, मुजीब उर रहमान, फरीद अहमद मलिक, फजलहक फारूकी।

ट्रेंट बोल्ट ने गेंदबाजी से उगली आग

नई दिल्ली, 08 सितम्बर 2022। न्यूजीलैंड के स्टार गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की। उन्होने 38 रन देकर चार विकेट झटक दिए। इसके अलावा मैट हेनरी ने 33 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। दोनो गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे एकदिवसीय मैच में गुरुवार को कंगारू टीम को नौ विकेट पर 195 रन पर रोक दिया।

श्रृंखला के पहले मैच में हार का सामना करने वाले न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। टीम के गेंदबाजों ने उसे सही साबित किया। न्यूजीलैंड ने 19वें ओवर में 54 रन तक ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया था लेकिन पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने 61 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल (25) के साथ छठे विकेट की साझेदारी के लिए 49 रन जोड़े।

वनडे में स्मिथ का तीसरा सबसे धीमा अर्धशतक

स्मिथ ने 94 गेंद की पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा। एकदिवसीय क्रिकेट में यह उनका तीसरा सबसे धीमा अर्धशतक रहा। मिशेल स्टार्क (नाबाद 38) और जोश हेजलवुड (23) ने आखिरी विकेट के लिए 47 रन की अटूट साझेदारी कर स्कोर को 200 के करीब पहुंचाया। हेनरी ने अपने शुरुआती दो ओवरों में कप्तान आरोन फिंच (शून्य) और डेविड वार्नर (पांच रन) का विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी।

फिंच पिछली सात पारियों में तीसरी बार बिना खाता खोले आउट हुए। बोल्ट ने इसके बाद मार्नस लाबुशेन (पांच) और मार्कस स्टोइनिस (शून्य) को चलता किया जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 26 रन पर चार विकेट हो गया। बोल्ट ने इसके बाद मैक्सवेल और एडम जम्पा (16) की पारी को खत्म किया। जम्पा ने नौवें विकेट के लिए स्टार्क के साथ 31 रन की साझेदारी की। लॉकी फर्ग्यूसन की जगह टीम में वापसी करने वाले टिम साउदी ने इस बीच स्मिथ को आउट किया।

महेश बाबू ने आ अम्मयी गुरिंची मीकू चेप्पली का ट्रेलर जारी किया

तेलुगू स्टार महेश बाबू ने सोमवार को निर्देशक मोहनकृष्ण इंद्रगंती की आगामी रोमांटिक फिल्म आ अम्मयी गुरिंची मीकू चेप्पली का ट्रेलर लॉन्च किया।

फिल्म, जिसमें नाइट्रो स्टार सुधीर बाबू और कृति शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं, का निर्माण बी महेंद्र बाबू और किरण बल्लापल्ली द्वारा बेंचमार्क स्टूडियो के लिए मैथरी मूवी मेकर्स के सहयोग से किया जा रहा है। गजुलापल्ले सुधीर बाबू फिल्म पेश कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत पेशे से डॉक्टर कृति शेट्टी से होती है, जो फिल्मों में काम करना स्वीकार करती हैं। सुधीर बाबू, जो फिल्म में एक सफल फिल्म निर्माता हैं, अपने फैसले के साथ नौवें स्थान पर हैं।

सुधीर बाबू ट्रेलर में एक युवा फिल्म निर्माता के रूप में आकर्षक लग रहे हैं। एक महत्वाकांक्षी अभिनेत्री के रूप में कृति शेट्टी भी कूल दिखती हैं। लगता है सिनेमैटोग्राफर पीजी विंदा ने शानदार काम किया है और विवेक सागर का संगीत उत्तम दर्जे का है। ट्रेलर में मुख्य किरदारों को पेश करने के अलावा संघर्ष की बात भी दिखाई गई है, जिससे फिल्म से उम्मीदें बढ़ गई हैं।

अवसारला श्रीनिवास, वेनेला किशोर, राहुल रामकृष्ण, श्रीकांत अयंगर और कल्याणी नटराजन कुछ अन्य हैं जो फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आ अम्मयी गुरिंची मीकू चेप्पली इस साल 16 सितंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।0

ध्वनि भानुशाली ने अपना नया गाना एक तरफा किया रिलीज

गायिका ध्वनि भानुशाली ने अपना नया गाना एक तरफा रिलीज किया। संदीप गौर के गीत के साथ गौरव चटर्जी द्वारा रचित रोमांटिक गाने में, गायिका ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा है।



ट्रैक, जो एकतरफा प्यार की कहानी कहता है, में बांसुरी वादन भी है जो कुछ हद तक जब वी मेट के आओगे जब तुम जैसा है।

गाने के बारे में बात करते हुए, ध्वनि ने कहा, एक तरफा उस तरह के गानों से बहुत अलग है जो मैंने पहले किया है। इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की है और यह बहुत खुबसूरत गाना है। एक तरफा एक बेहद खास गाना है और हमने इसे बहुत प्यार दिया है, और मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इसे पूरा प्यार देंगे।

संगीतकार गौरव चटर्जी ट्रैक के मूड और भावनाओं में उदासी की भावना का संचार करना चाहते थे, इसलिए हमने एक साधारण राग बजाया जो उदासी को प्रतिबिंबित कर सके।

गौरव ने कहा, हमने इसके लिए माधुर्य को वास्तव में सरल लेकिन उदास रखा है। एक तरफा एक भावपूर्ण गीत है।

विनोद भानुशाली द्वारा प्रस्तुत एक तरफा हिट्ज म्यूज़िक पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

अभिनेता जयम रवि अभिनीत सायरन पर काम हुआ शुरू

निर्देशक एंटनी भाग्यराज की एक्शन एंटरटेनर सायरन पर काम शुरू हो गया है। फिल्म में अभिनेता जयम रवि मुख्य भूमिका में हैं।

होम मूवी मेकर्स की सुजाता विजयकुमार द्वारा प्रोड्यूस की जा रही इस फिल्म की यूनिट से जुड़े सूत्रों का कहना है कि, यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी और इसका बजट भी भारी भरकम होगा।

फिल्म ने फिल्म प्रेमियों का भी ध्यान खींचा है क्योंकि एंटनी भाग्यराज, जिन्हें इरुंबु थिरै और विश्वसम जैसी सुपरहिट फिल्मों में एक लेखक के रूप में सराहा गया था, इस फिल्म के साथ निर्देशक के रूप में अपनी शुरूआत कर रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि, इस फिल्म में जयम रवि एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जो उन्होंने अपनी अब तक की किसी भी फिल्म में नहीं निभाया है।

अपना बाजार
Contact
98265-32611

नेहा मलिक ने फिर बिखेरे हुस्न के जलवे

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक की बोल्डनेस के चर्चे इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं. उन्होंने बेशक अपनी एक्टिंग या किसी प्रोजेक्ट के कारण खास पॉपुलैरिटी हासिल न की हो, लेकिन अपने लुक्स की वजह से वह हमेशा ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं. अब फिर से नेहा का लेटेस्ट फोटोशूट तेजी से वायरल होने लगा है.

नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अक्सर इंस्टाग्राम पर उनके सिजलिंग अवतार की झलक देखने को मिलती रहती है. ऐसे में एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं. अब लेटेस्ट फोटोज में नेहा को ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर शॉर्ट वनपीस में देखा जा रहा है. इसके साथ उन्होंने मैचिंग की ब्लैक कलर की ही हाई हील्स कैरी की है.

काफी हॉट दिख रही हैं नेहा मलिक

नेहा ने अपने इस बोल्ड लुक को सटल मेकअप से कंप्लीट किया है. उन्होंने इस दौरान अपने बालों की पॉनीटेल बनाई है, साथ ही गले में फोर लेयर्ड मेटल की चेन पहनी हुई है.

इस लुक में एक्ट्रेस काफी हॉट दिख रही हैं. उन्होंने इस फोटोशूट के दौरान फ्लोर पर बैठकर पोज दिए हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस का काफी हॉट अवतार देखने को मिला है.

महिलाओं हेतु विशेष
डी.एस.एम. प्रशिक्षण केन्द्र
हमारे यहां सिलाई, कढाई, पेंटिंग एवं टेडी बियर (खिलौना) का प्रशिक्षण दिया जाता है।
कोर्स करने की अवधि 6 माह।
कोर्स समाप्त होने पर डिप्लोमा दिया जायेगा।
नोट :- प्रशिक्षण के पश्चात नौकरी की गारंटी शत् प्रतिशत
सुषमा लेडिज टेलर्स
हमारे यहा ब्लाउज, पेटीकोट, सलवार सूट, स्कूल ड्रेस सिलाई एवं पीको फॉल का काम किया जाता है।
स्थान :- कुन्दरडिहारी चौक, महुआपारा रोड, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) मो. 9669913653

पोताई के लिए संपर्क करें
उच्च स्तर के कारीगारों द्वारा पेंट, पॉलिस, पुट्टी निर्धारित समय अवधि में न्यूनतम दरों पर करनें की सुविधा उपलब्ध।
नोट :- सुविधा- सुरगुजा, सूरजपुरस कोरिया जिलों के लिए संपर्क करें - 78692-83557

AADI COMPUTER
CPU,LED Repairing
हमारे यहाँ सभी प्रकार के CPU,MONITOR, LED,PRINTER,CC.TV. CAMERA का रिपेरिंग एवं ट्रोनर का रिफलिंग किया जाता है
Contact-: 8085059097,9340593823
Near Holy Cross Hospital,Mission Chowk, Tiwari Bulding Road,Ambikapur

ACB की बड़ी कार्रवाई, पटवारी और शिक्षा विभाग के बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

रायपुर, 08 सितम्बर 2022। ACB की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए रिश्वत ले रहे पटवारी और शिक्षा विभाग के बाबू को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक एसीबी अंबिकापुर में पीड़ित द्वारा शिकायत की गई थी कि विद्यालय के वर्ष 2021-22 के मान्यता के नवीनीकरण हेतु जिला शिक्षा कार्यालय, सूरजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जो वर्तमान में लंबित है। उक्त संबंध में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सूरजपुर में पदस्थ जुगेश्वर प्रसाद, सहायक ग्रेड-02 द्वारा 15,000 रूपये रिश्वत की मांग की गई। शिकायत का सतयापन कराया गया। प्रार्थी और आरोपी के मध्य 15,000 रूपये देने की सहमति बनी। शिकायत सत्यापन होने पर आज 8 सितम्बर को आरोपी जुगेश्वर प्रसाद, सहायक ग्रेड-2 पिता स्व0 सुदनराम, उम्र-48 वर्ष, को प्रार्थी से मांगी गई रिश्वत की कुल रकम 15,000 रूपये लेते हुए जिला कार्यालय के बुक डिपो से पकड़ा गया।

नामांतरण के बदले रिश्वत मांग रहा था पटवारी

एक अन्य मामले में प्रार्थी ने एसीबी रायपुर में शिकायत की थी कि नामांतरण एवं ऋण पुस्तिका बनाने के एवज में नीलकमल सोनी, पटवारी, प0ह0नं0 13/18, कोहका भिलाई, जिला-दुर्ग द्वारा 6,000 रूपये रिश्वत की मांग की गई। शिकायत का सत्यापन कराया गया। प्रार्थी और आरोपी के मध्य 6,000 रूपये देने की सहमति बनी। शिकायत सत्यापन होने पर आज आरोपी नीलकमल सोनी को प्रार्थी से मांगी गई रिश्वत की कुल रकम 6,000 रूपये लेते पटवारी कार्यालय जामुल से पकड़ा गया।

सीजी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

जवानों को भारी पड़ता देख भाग निकले नक्सली,भारी मात्रा में नक्सली साहित्य और सामग्री बरामद

गरियाबंद, 08 सितम्बर 2022। शोभा क्षेत्र के भीमाटिकरा जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई. एसटीएफ, सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की टीम ने डटकर मुकाबला किया. जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए. इस मुठभेड़ में जवानों को कोई आहत नहीं हुई है. जवानों ने भारी मात्रा में नक्सली साहित्य और सामग्री बरामद की है.

आज सुबह शोभा क्षेत्र में एसटीएफ, सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल की पार्टी एरिया डोमिनेशन पर रवाना हुई थी.इस दौरान थाना शोभा से 13 किमी दूर भीमाटिकरा के जंगल में 12-15 की संख्या में पूर्व से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने पुलिस सर्चिंग पार्टी को देखकर अंधाधुंध फायरिंग किए. पुलिस पार्टी की जवाबी कार्यवाही से नक्सली पहाड़ी व घना जंगल का फायदा उठाकर भाग गए. क्षेत्र में पुलिस का सर्चिंग अभियान जारी है.

सर्चिंग के दौरान टेबलेट सैमसंग 1 नग, इंसास मैगजीन 1 एवं दो नग कारतूस, छाता, पिट्ठू बैग दो नग, सोलर प्लेट व वायर एक नग, वॉकी टॉकी चार्जर 01, नाक पानी डिब्बा 01 नग, एक जोड़ी नक्सली वर्दी व बेल्ट 1 नग, साल 1 नग, त्रिपाल 01 नग, नक्सली झंडा, रस्सी 01 नग, लाल कपड़ा 4 मीटर, 10 नग इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 06 नग नॉन इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, नक्सली साहित्य, इलेक्ट्रिक स्विच 01 नग, पर्ची 18 नग व दवाइयां बरामद किया गया।

माइनिंग अधिकारी के घर आयकर विभाग का छापा, दस्तावेज खंगाल रही टीम

जगदलपुर, 08 सितम्बर 2022। आयकर की टीम ने बुधवार को शराब और स्टील कारोबारियों के 30 ठिकानों पर दबिश दी थी. आज द्बञ की टीम ने माइनिंग अधिकारी के घर पर छापेमारी की है. आईटी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है. दबिश से हड़कंप मचा हुआ है.

ये छापेमारी जगदलपुर के धरमपुरा स्थित बृजराज नगर में हुई है. घर के बाहर सीआरपीएफ की टीम तैनात है. माइनिंग अधिकारी के घर में छापेमारी जारी है. यह अधिकारी 3 दिन पहले ही जगदलपुर में शिफ्ट हुआ था. आईटी की टीम पहुंचने से माइनिंग अधिकारियों समेत इससे संबंधित लोगों में हड़कंप मच गया है. बता दें कि इसके पहले आईटी की टीम ने रायपुर में 18, बिलासपुर में तीन, रायगढ़ में आठ और खरसिया के एक ठिकाने पर कार्रवाई की है. आयकर विभाग के आला अधिकारियों की मानें तो कारोबारियों के ठिकानों से बड़ी मात्रा में आर्थिक अनियमितता के दस्तावेज भी मिले हैं।

रवि डॉन के दो और गुर्गे पकड़ाए,माना हत्याकांड मामले में पुलिस की कार्रवाई

रायपुर, 08 सितम्बर 2022। माना हत्याकांड मामले में पुलिस ने रवि साहू के दो और गुर्गे को गिरफ्तार किया है. बता दें कि दरम्यानी रात्रि थाना माना क्षेत्रांतर्गत माना बस्ती स्थित आर.एस. रेस्टॉरेंट एवं ढ़ाबा में माना बस्ती निवासी विजेन्द्र मारकण्डे उर्फ लल्ला एवं संजय बंजारे नामक व्यक्ति गये थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उक्त दोनों व्यक्तियों का रेस्टॉरेंट के एक कर्मचारी से विवाद एवं मारपीट हो गया था। इसी बात को लेकर 5 सितंबर को सुबह रेस्टॉरेंट से जुड़े अज्ञात लड़के वाहनो में विजेन्द्र मारकण्डे उर्फ लल्ला निवासी माना बस्ती के घर जाकर उसे घर से बाहर लाकर विजेन्द्र मारकण्डे उर्फ लल्ला पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना माना में अपराध क्रमांक 234/22 भादवि. धारा 302, 365, 147, 120बी, 34 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण में पूर्व में 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग चाकू, 02 नग मोबाईल फोन तथा 01 नग क्वीड कार क्र सी जी/04/एन पी/7179 जप्त किया जा चुका है। टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में अन्य आरोपियों के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी प्रदीप चौहान एवं भीष्म शर्मा उर्फ राजा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग चाकू, अर्टिगा वाहन एवं हैरियर वाहन को जप्त कर कार्यवाही की गई। उक्त प्रकरण में अब तक कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा गया है।

प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

नए जिलों में पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति, जानिए किसे मिली कहां की जिम्मेदारी

रायपुर, 08 सितम्बर 2022। राज्य शासन द्वारा नवगठित जिले मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर और सक्ती के लिए पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति की गई. नए जिले में अब तक ओसडी बनकर काम कर रहे टीआर कोशिमा को मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर का एसपी बनाया गया है. वहीं सक्ती की कमान एमआर अहीरे को सौंपी गई है।

ऐसे होगा स्वागत नड्डा पर बरसाएंगे फूल उतारेंगे आरती लगाएंगे तिलक

» 4 किमी का रास्ता होगा भाजपामय, व्यवस्था देखने साइंस कॉलेज पहुंचे अरुण साव

रायपुर, 08 सितम्बर 2022। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्वागत के लिए भाजपा पूरा जोर लगा रही है। इस करीब 4 किलोमीटर के रोड पैच को पूरी तरह से भाजपामय बनाने की तैयारी है। सैकड़ों महिला कार्यकर्ता आरती और तिलक के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करने को तैयार हैं। भाजपा कार्यकर्ता अपने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फूल बरसाएंगे। तैयारियों के संबंध में प्रदेश भाजपा संगठन अध्यक्ष अरुण साव और पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने एकात्म परिसर में रायपुर शहर दक्षिण विधानसभा के सभी मोर्चों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पार्षदों के साथ साथ जिले के पदाधिकारियों की भी बैठक ली। विधायक व पूर्व मंत्री प्रशासनिक अफसरों के साथ सड़क पर निकल पड़े। घड़ी चौक पर सड़क बनने वाले मंच और जेपी नड्डा के काफिले की मूवमेंट को लेकर ट्रैफिक DSP सतीश ठाकुर से चर्चा की। तेलीबांधा थाने से लेकर गौरव पथ, जेल रोड होते हुए एकात्म परिसर तक जेपी नड्डा का रोड शो किया जाना है। बृजमोहन अग्रवाल ने कह कि 9 सिंतबर को भाजपा के कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं। उनका हम सब लोगों से संपर्क और सबंध है क्योंकि वो हमारे प्रभारी रहे हैं। हमारी कोशिश है कि उनका ऐसा स्वागत हो कि वो कहें पहली बार ऐसा स्वागत देख रहा हूं। बता दें राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश स्तर की समिति से लेकर पोलिंग बूथ तक के कार्यकर्ताओं से भी बात करेंगे।

तेलीबांधा थाने से लेकर एकात्म परिसर तक रोड शो

स्वागत के लिए 10 से अधिक मंच बनाए जा रहे हैं, इन मंचों पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अंदाज में जेपी नड्डा का स्वागत होगा। एकात्म परिसर में नेताओं से मिलने के बाद नड्डा साइंस कॉलेज मैदान जाएंगे। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 50 हजार लोगों की क्षमता का डोम तैयार किया जा रहा है। यहां नड्डा कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करेंगे। साइंस कालेज ग्राउंड मे कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, सांसद सुनील सोनी , प्रवक्ता राजेश मुनत व महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी ने स्थल विजिट किया ।

छत्तीसगढ़ सरकार अब और भी पास
नये जिले, सतत विकास

नवगठित दो नये जिलों का
शुभारंभ

मुख्य अतिथि
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अध्यक्षता
डॉ. चरणदास महंत
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा

मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर
09 सितम्बर, शुक्रवार | प्रातः 10.00 बजे
शासकीय बालक उ. मा. विद्यालय ग्राउन्ड, मनेन्द्रगढ़

सक्ती
09 सितम्बर, शुक्रवार | दोपहर 2.00 बजे
शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय, सक्ती

हर वादा पूरा, हर सपना साकार
सबसे अलग-सबसे बेहतर, छत्तीसगढ़ सरकार

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद 33807/72

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)